
UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार




संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

दैनिक
# यंग भारत
निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर
Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़
सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-254 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) गुरूवार 27 अगस्त 2026 youngbharatE-paper.com

## यूपी की हर ग्राम पंचायत को तोहफा, सरकार ने दी 2 बड़ी खुशखबरी!



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश की ग्राम पंचायतों और आम लोगों के लिए सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। कैबिनेट बैठक में जन सेवा केंद्र (सीएससी) 4.0 परियोजना को मंजूरी दे दी गई है। नई व्यवस्था का उद्देश्य लोगों को घर के नजदीक ही सुरक्षित, पारदर्शी और समयबद्ध डिजिटल सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराना है।

नई व्यवस्था के तहत ग्रामीण इलाकों में हर ग्राम पंचायत में कम से कम दो जन सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। वहीं शहरी क्षेत्रों में प्रत्येक 10 हजार की आबादी पर एक केंद्र की व्यवस्था होगी। इन केंद्रों के जरिए लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर कम लगाने पड़ेंगे। फिलहाल जन सेवा केंद्रों के माध्यम से 54 विभागों की 359 सरकारी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा रही हैं। परियोजना के तहत प्रत्येक जिले में दो जिला सेवा प्रदाताओं का चयन प्रतिस्पर्धात्मक ई-निविदा के जरिए किया जाएगा। ये एजेंसियां जिले में डिजिटल सेवाओं को बेहतर बनाने और केंद्रों के संचालन की व्यवस्था संभालेंगी। हर ग्राम सचिवालय में पंचायत सहायक के माध्यम से जन सेवा केंद्र संचालित किया जाएगा। साथ ही लोगों की शिकायतों के समाधान के लिए पोर्टल और जिला स्तर पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था भी होगी। सीएससी-4.0 परियोजना को पीपीपी मॉडल पर लागू किया जाएगा और इसकी शुरुआती अवधि तीन वर्ष रखी गई है। जरूरत पड़ने पर इसे अधिकतम दो साल तक आगे बढ़ाया जा सकता है।



## सपा का बड़ा दांव: अखिलेश यादव ने किया 'महिला समृद्धि सम्मान योजना' का ऐलान, हर साल मिलेंगे 40 हजार रुपये



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी के लखनऊ स्थित मुख्यालय में अखिलेश यादव और डिंपल यादव ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 'महिला समृद्धि सम्मान योजना' की घोषणा की. अखिलेश यादव ने स्पष्ट किया कि सपा सरकार बनने पर गरीबी रेखा में आने वाली हर महिला को आर्थिक सहायता दी जाएगी. प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने पार्टी की महिला सांसदों और विधायकों के जरिए महिलाओं से जुड़े तमाम मुद्दों पर बिंदुवार जानकारी साझा करवाई. उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों से लेकर महिला सुरक्षा, सम्मान और आर्थिक सशक्तिकरण के स्तर पर ठोस काम किया जाएगा.

सपा योजनाओं की चोरी का आरोप: अखिलेश यादव ने मौजूदा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बंद किए गए 26 हजार स्कूलों का सीधा असर बच्चियों और महिलाओं पर पड़ा है. महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा की सरकारी घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि यह योजना मूल रूप से समाजवादी पार्टी की थी. उन्होंने कहा कि पार्टी दफ्तर से योजनाएं लीक होने के बाद सरकार उन्हें अपने नाम से लागू कर रही है. डिंपल यादव की उम्मीदवारी से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि मुकाबला असल में 'दिल्ली बनाम लखनऊ' का है. ज्यादा महिलाओं को टिकट देगी सपा: भाजपा की नीतियों पर सवाल उठाते हुए अखिलेश यादव ने हाथरस कांड, मां-बेटी को जिंदा जलाने और बुलडोजर कार्रवाई जैसी घटनाओं की याद दिलाई. उन्होंने सवाल उठाया कि अगर भाजपा सच में महिला हितैषी है, तो पारित हो चुके महिला आरक्षण बिल को अभी तक लागू क्यों नहीं किया गया. अखिलेश यादव ने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी भाजपा के मुकाबले अधिक महिला प्रत्याशियों को टिकट देकर मैदान में उतारेगी. उन्होंने कहा कि महिलाओं का आर्थिक रूप से मजबूत होना ही उनके सम्मान का आधार है. स्त्री सम्मान समृद्धि योजना की शुरुआत: सपा अध्यक्ष ने बताया कि स्त्री सम्मान समृद्धि योजना की शुरुआत 40 हजार रुपये प्रति वर्ष की आर्थिक सहायता से की जाएगी, जिसमें आगे चलकर और बढ़ोतरी होगी. उन्होंने कहा कि यह योजना चरणबद्ध तरीके से लागू होगी और समय-समय पर इसका आकलन कर आवश्यक सुधार किए जाएंगे.

## अखिलेश यादव के ऑफिस में 'विभीषण'? योगी सरकार को बताया सपा चीफ का 'सीक्रेट प्लान'

( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तंजिया लहजे में दावा किया है कि उनके दफ्तर से जानकारियां योगी सरकार तक जा रहीं हैं.

दरअसल, 26 अगस्त सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में अखिलेश से योगी सरकार द्वारा फ्री बस सेवा पर सवाल किया गया.इसके जवाब में अखिलेश ने कहा कि हमारी ऑफिस को फुल शील्ड करना होगा. हमारी योजनाएं वहां तक पहुंच जा रही हैं. हमें समझ में नहीं आ रहीं हैं कैसे पहुंचा जा रहीं हैं.कन्नौज सांसद ने कहा कि आज हमें तय करना था, दो हफ्ते पहले कि आने वाले समय में मैनिफेस्टो में हम ये तय करेंगे तो हमारे ऑफिस से ही लगता है ये सूचना पहुंच गई. उसी का ये परिणाम है कि बस फ्री हो गई.

इसके अलावा पीडीए में बदलाव किए जाने के सवाल पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि हम प्रोग्रेसिव लोग हैं और परिस्थितियों के अनुसार लोगों को जोड़ते हैं. उन्होंने कहा कि हम जोड़ने वाले लोग हैं. पीडीए का मतलब 'प्रोस्टेट' भी होता है. स्कूल में वीडियो बनाए जाने पर रोक को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार के समय के वीडियो और बीजेपी सरकार के समय के वीडियो की तुलना करेंगे तो दोनों के बीच का फर्क साफ समझ में आ जाएगा. महिलाओं के लिए 40 हजार रुपये सालाना देने की योजना पर बीजेपी के सवाल उठाने को लेकर उन्होंने कहा कि बीजेपी वाले पूछते थे कि यह पैसा कहां से आएगा. उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने ऐसी योजनाएं पहले भी चलाई हैं, जिसमें 500 रुपये सीधे ष्ठक्चञ्ज के जरिए लोगों के खातों में पहुंचाए गए थे. अखिलेश ने दावा किया कि सबसे ज्यादा बैंक खाते खुलवाने का काम समाजवादी पार्टी की सरकार ने किया था. प्रदेश के कौशांबी जिले के मंझनपुर थाना क्षेत्र के बंधवा रजबर गांव में मंगलवार को एक बेहद सनसनीखेज घटना सामने आई। यहां एक निर्माणाधीन मकान के अंदर चारपाई पर एक युवक का सिर कटा शव मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।शव मिलने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर पुलिस टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। स्थानीय लोगों ने मृतक की पहचान राशिद के रूप में की है। हालांकि पुलिस की ओर से पहचान और घटना से जुड़े सभी तथ्यों की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल से मिले संभावित साक्ष्यों को सुरक्षित किया जा रहा है और फोरेंसिक टीम की मदद से मामले की कड़ियां जोड़ने की कोशिश की जा रही है। मामला बेहद गंभीर होने के कारण पुलिस हत्या समेत कई संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि युवक की हत्या कब और किस परिस्थिति में हुई और उसके पीछे क्या वजह थी। मंझनपुर थाना क्षेत्र के बंधवा रजबर गांव में स्थित एक निर्माणाधीन मकान मंगलवार को अचानक चर्चा का केंद्र बन गया। बताया गया कि मकान के अंदर चारपाई पर एक युवक का शव पड़ा हुआ था।जब ग्रामीणों को घटना की जानकारी मिली तो लोग मौके पर पहुंचने लगे। कुछ ही देर में घटनास्थल के आसपास भीड़ जमा हो गई। शव की हालत देखकर ग्रामीणों में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने मृतक की पहचान राशिद के रूप में किए जाने की बात कही। हालांकि किसी भी गंभीर आपराधिक मामले में पुलिस और पोस्टमार्टम प्रक्रिया के जरिए पहचान तथा मौत से जुड़े तथ्यों की पुष्टि करना महत्वपूर्ण होता है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर सबसे पहले घटनास्थल को सुरक्षित किया। इसके बाद मकान के अंदर और आसपास के इलाके का निरीक्षण किया गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारण और शरीर पर आई चोटों से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आने की उम्मीद है। जांच के दौरान पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि युवक आखिरी बार किसके साथ देखा गया था और वह निर्माणाधीन मकान तक कैसे पहुंचा। इसके अलावा यह भी पता लगाया जा रहा है कि मकान का मालिक कौन है, वहां आमतौर पर कौन-कौन लोग आते-जाते थे और घटना से पहले किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी आसपास के लोगों को मिली थी या नहीं। शव की स्थिति को देखते हुए मामला हत्या की आशंका से जुड़ा हुआ माना जा रहा है, लेकिन पुलिस ने अभी किसी निष्कर्ष की पुष्टि नहीं की है। जांच एजेंसी सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर आगे बढ़ रही है।पुलिस के लिए यह पता लगाना बेहद महत्वपूर्ण होगा कि युवक की मौत के पीछे व्यक्तिगत विवाद, आपसी रंजिश, आर्थिक विवाद या कोई अन्य वजह थी। जांच के दौरान मृतक के परिचितों, दोस्तों और परिवार के लोगों से भी पूछताछ की जा सकती है।



# योगी सरकार के 8 बड़े फैसले, यूपीवासियों के लिए बड़ी खुशखबरी

(प्रधान सम्पादक)
(यंग भारत न्यूज)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी। बैठक में रखे गए 27 प्रस्तावों में से 24 को मंजूरी दी गई। इन फैसलों का असर महिलाओं, युवाओं, डॉक्टरों, बुजुर्गों और यात्रियों समेत कई वर्गों पर पड़ेगा।



### 1. बुजुर्ग महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा

60 साल से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति योजना के तहत उन्हें परिवहन निगम की बसों में आजीवन मुफ्त यात्रा की सुविधा देने को मंजूरी मिली है। पात्रता के लिए आधार या वोटर आईडी का इस्तेमाल किया जा सकेगा।

### 2. गंगा एक्सप्रेसवे पहुंचेगा हरिद्वार

गंगा एक्सप्रेसवे को बिजनौर से हरिद्वार तक बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इस परियोजना पर करीब 10,761 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इससे प्रयागराज और हरिद्वार के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

### 3. इंटर्न डॉक्टरों का स्टाइपेंड बढ़ा

एमबीबीएस और बीडीएस इंटर्न के लिए भी बड़ा फैसला हुआ है। सरकारी मेडिकल कॉलेजों और चिकित्सा संस्थानों में इंटर्नशिप करने वाले छात्रों का मासिक स्टाइपेंड 12 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दिया गया है।

### 4. एडीओ पंचायत की सीधी भर्ती

सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के पदों को लेकर भी बदलाव किया गया है। अब 50 प्रतिशत पद सीधी भर्ती के जरिए भरे जाएंगे। इससे युवाओं के लिए सरकारी नौकरी के नए अवसर खुलेंगे।

### 5. बुजुर्ग माता-पिता के अधिकार मजबूत

जो बच्चे अपने बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल नहीं करते या उनके साथ दुर्व्यवहार करते हैं, उनके खिलाफ सख्त प्रावधान किए गए हैं। नए नियमों के तहत जरूरत पड़ने पर माता-पिता ऐसे बच्चों को अपनी संपत्ति से बेदखल करने की प्रक्रिया अपना सकेंगे।

### 6. 250 इलेक्ट्रिक बसें होंगी शामिल

यूपी रोडवेज के बेड़े में 250 नई एसी इलेक्ट्रिक बसें शामिल करने की तैयारी है। इसके लिए करीब 400 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इससे यात्रियों को बेहतर और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन सुविधा मिलने की उम्मीद है।

### 7. सुल्तानपुर में बनेगा औद्योगिक क्लस्टर

सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पास इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर विकसित करने को मंजूरी दी गई है। परियोजना की अनुमानित लागत 272.25 करोड़ रुपये है।

### 8. नौ जिलों में बढ़ेगा औद्योगिक निवेश

कैबिनेट ने 11 औद्योगिक परियोजनाओं के लिए लेटर ऑफ कंफर्ट जारी करने को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं से नौ जिलों में करीब 5,504 करोड़ रुपये के निवेश का रास्ता साफ होगा।

# चचेरे देवर से पत्नी का था अवैध संबंध, पत्नी ने खीर में मिलाई नशे की गोलियां, फिर बोरे में भरकर कर दिया बड़ा कांड

( यंग भारत न्यूज )

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में युवक की हत्या के मामले में पुलिस जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के मीसा गांव निवासी रामतीरथ की तीन जुलाई की रात हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद उसके शव को बोरे में भरकर बाराबंकी के सतरिख इलाके में सूखी नहर में फेंक दिया गया था। शुरुआत में शव की पहचान नहीं हो सकी थी, लेकिन बाद में परिजनों ने उसकी पहचान की।

मामले की जांच के दौरान पुलिस ने युवक की पत्नी, भाई और चचेरे भाई को गिरफ्तार किया। चूंकि जांच में हत्या का घटनास्थल लखनऊ के गोसाईंगंज क्षेत्र में सामने आया, इसलिए बाराबंकी पुलिस ने केस को गोसाईंगंज थाने में ट्रांसफर कर दिया है।जानकारी के मुताबिक, रामतीरथ तीन जुलाई की रात घर से निकला था। इसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। कुछ समय बाद बाराबंकी के सतरिख क्षेत्र में एक सूखी नहर में बोरे के अंदर शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव की हालत ऐसी थी कि तत्काल उसकी पहचान करना मुश्किल था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और पहचान के प्रयास शुरू किए। इसी दौरान



रामतीरथ के पिता दयाराम को घटना की जानकारी मिली। उन्होंने शव की पहचान अपने बेटे के रूप में की।रामतीरथ के पिता दयाराम ने पुलिस को दी शिकायत में उसकी पत्नी रामदुलारी, बेटे अवधेश और भतीजे सरजीत पर हत्या का शक जताया था। पुलिस ने शिकायत और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई। शुरुआती पोस्टमार्टम रिपोर्ट में रामतीरथ के चेहरे पर चोट के निशान मिले थे, लेकिन मौत का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया था। इसके बाद पुलिस ने मामले से जुड़े लोगों से पूछताछ शुरू की और घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ने का प्रयास किया। पुलिस जांच में कथित तौर पर यह बात सामने आई कि हत्या से पहले रामतीरथ को खीर दी गई थी। आरोप है कि खीर में नशे की गोलियां मिलाई गई थीं। पुलिस के अनुसार, नशीला पदार्थ दिए जाने के बाद रामतीरथ की स्थिति कमजोर हुई। इसके बाद उसे कथित तौर पर उसके भाई अवधेश और चचेरे भाई सरजीत के घर ले जाया गया।जांच एजेंसियों के मुताबिक, इसी दौरान उस पर हमला किया गया। पुलिस का दावा है कि ईंट से चोट पहुंचाने और कपड़े से मुंह दबाने के बाद उसकी हत्या कर दी गई। हालांकि हत्या के इस पूरे घटनाक्रम में सामने आए आरोपों की अंतिम पुष्टि अदालत में साक्ष्यों के आधार पर ही होगी।हत्या के बाद आरोपियों ने कथित तौर पर शव को ठिकाने लगाने की योजना बनाई। शव को बोरे में भरकर स्कूटी से बाराबंकी के सतरिख क्षेत्र में ले जाया गया और वहां सूखी नहर में फेंक दिया गया।पुलिस को जब शव मिला तो इलाके में सनसनी फैल गई थी। शुरुआत में यह पता नहीं चल पा रहा था कि मृतक कौन है और उसकी हत्या कहां हुई। जांच आगे बढ़ने के बाद मृतक की पहचान रामतीरथ के रूप में हुई और पुलिस ने उसके परिवार तथा परिचितों से पूछताछ शुरू की।बाराबंकी पुलिस ने मामले में रामतीरथ की पत्नी रामदुलारी, भाई अवधेश और चचेरे भाई सरजीत को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान पुलिस को कथित तौर पर हत्या और शव को ठिकाने लगाने से जुड़े अहम सुराग मिले। पुलिस के मुताबिक आरोपियों की निशानदेही पर घटना से जुड़े सामान भी बरामद किए गए हैं। इनमें बोरा, स्कूटी और कथित तौर पर घटना में इस्तेमाल किए गए कुछ सामान शामिल बताए जा रहे हैं। इनकी फोरेंसिक जांच भी महत्वपूर्ण होगी।पुलिस जांच में रामतीरथ की पत्नी रामदुलारी और उसके चचेरे भाई सरजीत के बीच कथित संबंध का एंगल भी सामने आने की बात कही गई है। पुलिस इस पहलू को हत्या की वजह से जोड़कर जांच कर रही है। वहीं, रामतीरथ के भाई अवधेश को लेकर भी पारिवारिक विवाद और नशे की लत से जुड़े आरोपों की जांच की जा रही है।हालांकि, कथित अवैध संबंध या किसी भी आरोपी की भूमिका को अदालत में दोष सिद्ध होने से पहले अंतिम तथ्य के तौर पर नहीं माना जा सकता। पुलिस की जांच और अदालत में पेश होने वाले साक्ष्य ही मामले की वास्तविक तस्वीर स्पष्ट करेंगे। इस केस में एक महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब पुलिस जांच में हत्या का संभावित घटनास्थल लखनऊ के गोसाईंगंज थाना क्षेत्र में सामने आया।

# पुजारी की प्रेमिका से दिल लगाना पड़ा भारी; मंदिर में ही मारा फिर गाड़ा शव, मामला सुन कांपेंगे हाथ पैर..

( यंग भारत न्यूज )

**बागपत।** प्रदेश के बागपत ज़िले में दो दोस्तों की हत्या का एक ऐसा मामला सामने आ रहा है जिसे जानकर आपकी रूह कांप उठेगी. दरअसल, दो दोस्त अंकित और इसरार, लगभग 20 दिनों से लापता थे, वहीं उनकी लाशें लछौड़ा गाँव के गणेश मंदिर परिसर में बनी 'धुनी' के नीचे दबी हुई मिलीं.



इतना ही नहीं पुलिस ने गड्ढा खुदवाकर दोनों लाशों को बाहर निकाला और उन्हें पोस्मार्टम के लिए भेज दिया. परिजनों ने मंदिर के पुजारी के हत्या में शामिल होने का शक जताया है. पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में अवैध संबंध का मामला सामने आ रहा है, लेकिन अभी जांच जारी है. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि ये घटना लछौड़ा गाँव में हुई, जो चांदी नगर पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आता है. साथ ही आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अंकित और इसरार काफी अच्छे दोस्त थे. इतना ही नहीं बल्कि वो लगभग 20 दिन पहले घर से निकले थे लेकिन कभी वापस नहीं आए. काफी मेहनत करने के बाद भी उनकी कोई जानकारी नहीं मिली. परिजनों का कहना है कि, दोनों दोस्त लछौड़ा गाँव के गणेश मंदिर में रहने वाले पुजारी से मिलने गए थे, जिसके बाद वे लापता हो गए. खोजबीन के दौरान परिजनों को सूचना मिली कि शव मंदिर परिसर में ही दफनाए गए हैं. जैसे ही इस बात की खबर पुलिस को लगी वैसे ही पुलिस मंदिर परिसर पहुँची. जहाँ शवों के दबे होने की जानकारी मिली थी, वहाँ खुदाई की गई और गड्ढे से दोनों शव बरामद किए गए. पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. जांच में पता चला कि शवों को मंदिर की पवित्र अग्नि कुंड (धुनी) के नीचे दफनाया गया था और उस जगह पर इंटरलॉकिंग टाइलें लगा दी गई थीं. इससे शवों को छिपाने की कोशिश का संकेत मिलता है.

# सपा छोड़ बीजेपी में आए 7 बागियों ने बढ़ाई अमित शाह की टेंशन, जानिए कहां फंसा है पेच

प्रदेश चुनाव की सरगर्मियां तेज होते ही भारतीय जनता पार्टी के अंदर एक नई और बड़ी हलचल शुरू हो गई है। चुनाव के वक्त समाजवादी पार्टी (सपा) को तगड़ा झटका देकर बीजेपी का दामन थामने वाले 7 'बागी' विधायकों की वजह से अब बीजेपी के अपने ही खेमे में खलबली मच गई है।



सपा से बगावत करके बीजेपी के पाले में आए ये सात दिग्गज नेता अब अपनी-अपनी सीटों से बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। हालांकि, बीजेपी के लिए यह राह इतनी आसान नजर नहीं आ रही है। जिन सीटों पर ये बागी दावेदारी ठोक रहे हैं, वहां बीजेपी के अपने पुराने और वफादार नेता सालों से जमीन पर पसीना बहा रहे हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आलाकमान किसे अपनाएगा और किसे मनाएगा ? आइए बेहद आसान भाषा में समझते हैं कि यूपी की इन 7 हॉट सीटों पर आखिर क्या समीकरण बन रहे हैं और दिल्ली से लेकर लखनऊ तक हलचल क्यों तेज है। अमेठी की हाई-प्रोफाइल गौरीगंज सीट पर मुकाबला बेहद दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गया है। सपा से बाहर किए गए मौजूदा विधायक राकेश प्रताप सिंह ने राज्यसभा चुनाव में खुलकर बीजेपी का साथ दिया था। हाल ही में उन्होंने दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की है, जिससे यह साफ संकेत मिलता है कि वे बीजेपी के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। दूसरी ओर, बीजेपी के पूर्व प्रत्याशी चंद्र प्रकाश मिश्रा उर्फ 'मटियारी' भी इस सीट पर अपनी मजबूत दावेदारी पेश कर रहे हैं। 2022 के चुनाव में मटियारी को राकेश प्रताप से हार का सामना करना पड़ा था। अब बीजेपी के सामने बड़ा धर्मसंकट यह है कि अगर वे बागी राकेश प्रताप पर दांव लगाते हैं, तो अपने पुराने नेता मटियारी को कैसे मनाएंगे ? पार्टी को उन्हें एमएलसी या किसी अन्य पद पर एडजस्ट करना पड़ेगा, वरना स्थानीय ब्राह्मण समीकरण बिगड़ सकते हैं। अयोध्या की गोशाईगंज विधानसभा सीट शुरू से ही चर्चा में रही है। सपा के टिकट पर जीते अभय सिंह ने भी अमित शाह से मुलाकात कर बीजेपी टिकट पर अपनी दावेदारी लगभग पक्की करने की कोशिश की है।लेकिन यहां बीजेपी के पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी यानी 'खब्बू तिवारी' भी पूरा जोर लगा रहे हैं। खब्बू तिवारी ने 2017 में बीजेपी के टिकट पर अभय सिंह को शिकस्त दी थी। कानूनी अड़चनों के कारण 2022 में उनकी पत्नी आरती तिवारी चुनाव लड़ी थीं और दूसरे स्थान पर रही थीं। हालिया मिल्कीपुर उपचुनाव में बीजेपी की शानदार जीत के पीछे खब्बू तिवारी की ब्राह्मण वोटरों में मजबूत पकड़ को बड़ा कारण माना गया है। ऐसे में पार्टी खब्बू तिवारी की अनदेखी करने का रिस्क शायद ही लेगी, क्योंकि इसका असर अयोध्या और अंबेडकर नगर के पूरे ब्राह्मण वोट बैंक पर पड़ सकता है। बदायूं जिले की बिसौली सीट से सपा के बागी विधायक आशुतोष मौर्य अब बीजेपी का कमल थामकर चुनावी मैदान में उतरने को बेताब हैं। हालांकि, उनके सामने पूर्व विधायक योगेंद्र सागर के बेटे कुशाग्र सागर मजबूत चुनौती बनकर खड़े हैं। कुशाग्र ने 2017 में बीजेपी के लिए यह सीट जीती थी और 2022 के बेहद कड़े मुकाबले में वे दूसरे नंबर पर रहे थे। अब बीजेपी आलाकमान के सामने चुनौती यह है कि वे पार्टी के पुराने साथी कुशाग्र पर भरोसा जताते हैं या सपा से आए बागी आशुतोष पर दांव खेलते हैं। कालपी सीट पर असली जंग सपा के बागी विनोद चतुर्वेदी और 2022 में निषाद पार्टी (बीजेपी गठबंधन) के उम्मीदवार रहे छोटे सिंह के बीच फंसी है। साल 2022 के चुनाव में विनोद चतुर्वेदी ने छोटे सिंह को महज 2,800 वोटों के बेहद बारीक अंतर से हराया था। अब जब विनोद चतुर्वेदी खुद बीजेपी के खेमे में आ चुके हैं, तो छोटे सिंह की दावेदारी और निषाद पार्टी के गठबंधन गणित को एक साथ संभालना बीजेपी नेतृत्व के लिए बड़ी अग्निपरीक्षा साबित होगा।

जलालपुर सीट की सियासी कहानी बाकी सीटों से थोड़ी जुदा है। यहां से सपा के बागी राकेश पांडे विधायक हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में भले ही राकेश पांडे नजर नहीं आए, लेकिन उनके बेटे रितेश पांडे मंच पर प्रमुखता से मौजूद थे। रितेश पांडे 2017 में बीएसपी के टिकट पर विधायक रह चुके हैं और माना जा रहा है कि वे खुद या अपने पिता के लिए बीजेपी टिकट का दावा ठोक रहे हैं। दूसरी तरफ, बीजेपी के टिकट पर 2022 का चुनाव लड़ चुके पूर्व सपा विधायक सुभाष चंद्र राय और 2017 में बीजेपी के प्रत्याशी रहे राजेश सिंह भी रेस में मजबूती से बने हुए हैं। रायबरेली की ऊंचाहार सीट पर सपा के पूर्व कद्दावर नेता और मौजूदा मंत्री मनोज कुमार पांडे का गहरा प्रभाव माना जाता है। 2022 में उन्होंने बीजेपी उम्मीदवार अमरपाल मौर्य को 6,000 से ज्यादा वोटों से शिकस्त दी थी। बीजेपी ने चतुर रणनीति अपनाते हुए अमरपाल मौर्य को पहले ही राज्यसभा भेज दिया है और बीजेपी ओबीसी मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बना दिया है। इस राजनीतिक फैसले से साफ संकेत मिलता है कि बीजेपी ऊंचाहार से मनोज कुमार पांडे को आसानी से मैदान में उतार सकती है। यहां अंदरूनी बगावत की आशंका बहुत कम नजर आ रही है। कौशांबी की चायल सीट पर सपा की बागी विधायक पूजा पाल की दावेदारी काफी मजबूत मानी जा रही है। पूजा पाल को जून 2026 में उत्तर प्रदेश बीजेपी कार्यसमिति में प्रदेश उपाध्यक्ष की बड़ी जिम्मेदारी भी दी जा चुकी है। प्रयागराज और कौशांबी के समूचे इलाके में पूजा पाल का ओबीसी समुदाय के बीच अच्छा-खासा प्रभाव है। 2022 में उन्होंने अपना दल (एस) के प्रत्याशी नागेंद्र प्रताप सिंह पटेल को 13,000 से अधिक वोटों से हराया था। ऐसे में बीजेपी उन्हें चुनावी मैदान में उतारकर इस पूरे रीजन में अपनी पकड़ और पुख्ता करना चाहेगी। सपा से आए इन 7 बागियों ने बीजेपी के कुनबे को मजबूती तो दी है, लेकिन ऐन चुनाव के वक्त यही बागी नेता पार्टी के लिए 'गले की फांस' बनते दिख रहे हैं। एक तरफ वे बागी नेता हैं जिन्होंने अहम मौकों पर बीजेपी की मदद की है, तो दूसरी तरफ वे पुराने और निष्ठावान कार्यकर्ता हैं जो पिछले 5 सालों से अपनी-अपनी सीटों पर पसीना बहा रहे हैं। अगर बीजेपी बागियों को टिकट बांटती है, तो पुराने वफादारों में भारी असंतोष और बगावत का खतरा है। वहीं अगर बागियों को टिकट नहीं मिलता, तो नए साथियों का भरोसा टूट सकता है। अब देखना यह दिलचस्प होगा कि बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व इस 'टिकट युद्ध' को कैसे शांत करता है और किसे चुनावी समर में उतारता है।

# शादी के बाद बिना सुहागरात मनाए 2 दिन सोया रहा पति, फिर ससुर ने की बहू से गंदी बात- बेटा अनफिट है तो क्या हुआ, हम.

( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश के गोरखपुर में एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है. पूरा मामला शाहपुर थाना क्षेत्र का है, जहां एक महिला ने आरोप लगाया है कि उसके साथ शादी के नाम पर धोखाधड़ी की गई है.



महिला का आरोप है कि शादी के बाद जब वह ससुराल पहुंची तो उसका पति दवा खाकर 2 दिन तक सोता रहा. ये खबर आप क्विक समाचार में पढ़ रहे हैं। पति के इस हरकत से वह हैरान रह गई. इसके बाद उसने सास से ये बात बताई तो उन्होंने कहा कि घबराहट की दवा ली होगी, अभी ठीक हो जाएगा.

यही नहीं 2 दिन बाद सास-ससुर ने पति के इलाज के नाम पर 3 लाख रुपये की मांग की. ऐसे में महिला ने दवाइयों के पर्चे की फोटो ली और अपने परिचित एक डॉक्टर को भेजकर जानकारी ली. डॉक्टर से पता चला कि उसके पति मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं. उसी का इलाज चल रहा है इसे लेकर उसने अपने ससुर बात की और उनसे कहा कि आप लोगों ने झूठ बोलकर शादी की है. इस पर ससुर ने जवाब दिया कि अगर बेटा अनफिट है तो क्या हुआ, हम हैं ना, तुम्हारी जिंदगी संभल जाएगी. विरोध करने पर उसे गालियां दी गईं. महिला ने यह पूरी बात अपने मायके वालों को बताई. आरोप है कि इसके बाद ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे घर से निकाल दिया. साथ ही, उन्होंने उसकी सारी ज्वेलरी और शादी में मिला नगद भी हड़प लिया. अब उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं.पीड़िता ने सीएम पोर्टल, महिला आयोग दिल्ली और एसएसपी गोरखपुर में शिकायत की. एसएसपी के निर्देश पर जांच कर पति, सास और ससुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है. देवरिया की रहने वाली महिला ने बताया कि उसकी शादी 21 नवंबर 2025 को शाहपुर के एक युवक के साथ हुई थी. फिलहाल पुलिस महिला के आरोपों की जांच कर रही है

# चारपाई पर पड़ा था सिर कटा शव, लेकिन सबसे बड़ा राज तब खुला जब पुलिस पहुंची! निर्माणाधीन मकान में आखिर रात को क्या हुआ?

( यंग भारत न्यूज )



प्रदेश के कौशांबी जिले के मंझनपुर थाना क्षेत्र के बंधवा रजबर गांव में मंगलवार को एक बेहद सनसनीखेज घटना सामने आई। यहां एक निर्माणाधीन मकान के अंदर चारपाई पर एक युवक का सिर कटा शव मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।शव मिलने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर पुलिस टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

स्थानीय लोगों ने मृतक की पहचान राशिद के रूप में की है। हालांकि पुलिस की ओर से पहचान और घटना से जुड़े सभी तथ्यों की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल से मिले संभावित साक्ष्यों को सुरक्षित किया जा रहा है और फोरेंसिक टीम की मदद से मामले की कड़ियां जोड़ने की कोशिश की जा रही है। मामला बेहद गंभीर होने के कारण पुलिस हत्या समेत कई संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि युवक की हत्या कब और किस परिस्थिति में हुई और उसके पीछे क्या वजह थी। मंझनपुर थाना क्षेत्र के बंधवा रजबर गांव में स्थित एक निर्माणाधीन मकान मंगलवार को अचानक चर्चा का केंद्र बन गया। बताया गया कि मकान के अंदर चारपाई पर एक युवक का शव पड़ा हुआ था।जब ग्रामीणों को घटना की जानकारी मिली तो लोग मौके पर पहुंचने लगे। कुछ ही देर में घटनास्थल के आसपास भीड़ जमा हो गई। शव की हालत देखकर ग्रामीणों में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने मृतक की पहचान राशिद के रूप में किए जाने की बात कही। हालांकि किसी भी गंभीर आपराधिक मामले में पुलिस और पोस्टमार्टम प्रक्रिया के जरिए पहचान तथा मौत से जुड़े तथ्यों की पुष्टि करना महत्वपूर्ण होता है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर सबसे पहले घटनास्थल को सुरक्षित किया। इसके बाद मकान के अंदर और आसपास के इलाके का निरीक्षण किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारण और शरीर पर आई चोटों से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आने की उम्मीद है।जांच के दौरान पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि युवक आखिरी बार किसके साथ देखा गया था

# एक लाख का इंजेक्शन खरीद रहे थे मरीज, अंदर निकला कुछ ऐसा कि पुलिस के भी उड़ गए होश! 9 करोड़ के खेल का हुआ पर्दाफाश

( यंग भारत न्यूज )

कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों और उनके परिवारों की मजबूरी का फायदा उठाकर महंगी जीवनरक्षक दवाओं की कथित कालाबाजारी और नकली दवाओं का बड़ा नेटवर्क सामने आया है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने करीब 9 करोड़ रुपये मूल्य की नकली और अवैध रूप से हासिल की गई एंटी-कैंसर दवाओं से जुड़े एक अंतरराज्यीय सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। मामले में 17 लोगों को गिरफ्तार किए जाने की जानकारी सामने आई है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के कब्जे से 588 भरी हुई एंटी-कैंसर वायल, छह खाली वायल, सात खाली दवा के बॉक्स, दूसरी दवाओं की 3,021 यूनिट और करीब 50 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं। इस मामले का सबसे चौंकाने वाला पहलू एक एवालुमैब इंजेक्शन से जुड़ा है। रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली के ब्लैक मार्केट में करीब एक लाख रुपये में बेचे जा रहे एक संदिग्ध इंजेक्शन के नमूने की जांच कराई गई। दवा बनाने वाली कंपनी के जरिए जर्मनी की मर्क लैब में हुई जांच में उसमें कैंसर के इलाज के लिए जरूरी मूल सक्रिय तत्व नहीं मिला। रिपोर्ट के अनुसार, इंजेक्शन में दवा के बजाय पानी होने की बात सामने आई। यह खुलासा इसलिए बेहद गंभीर है क्योंकि कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाएं मरीजों की चिकित्सा व्यवस्था का बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा होती हैं। किसी नकली या मिलावटी दवा का मरीज तक पहुंचना उपचार में देरी और गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकता है।दिल्ली पुलिस की जांच में यह मामला किसी एक दुकान या इलाके तक सीमित नहीं दिखाई दिया। जांच में कथित नेटवर्क के तार दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, नवी मुंबई, हैदराबाद, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और अन्य इलाकों तक जुड़े होने की बात सामने आई है।

पुलिस ने अलग-अलग ठिकानों पर कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में दवाएं, नकदी, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, पैकेजिंग



सामग्री और लेन-देन से जुड़े रिकॉर्ड बरामद किए हैं। बरामद दवाओं में डार्जालेक्स, इमफिंजी, एरबिटक्स, ऑपडाइटा, गाजीवा, बावेन्सियो, एडसेट्रिस और कीट्रूडा जैसी महंगी एंटी-कैंसर दवाओं के नाम सामने आए हैं। पुलिस का आरोप है कि इन दवाओं की अवैध खरीद, भंडारण, रीपैकिंग और सप्लाई का नेटवर्क बनाया गया था। अब जांच का दायरा और बढ़ गया है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि बरामद दवाओं का इस्तेमाल कहां होना था, इन्हें किन लोगों ने खरीदा और कितने मरीजों तक इनकी सप्लाई पहले ही हो चुकी थी। पुलिस के मुताबिक छापेमारी और जांच के दौरान 588 भरी हुई एंटी-कैंसर वायल बरामद की गईं। इसके अलावा छह खाली वायल और सात खाली दवा के बॉक्स भी मिले। दूसरी दवाओं की 3,021 यूनिट भी जब्त की गई हैं।इसके साथ करीब 50 लाख रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस को मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, रजिस्टर, डायरियां और पैकिंग से जुड़ी सामग्री भी मिली है।जांच एजेंसियों को आशंका है कि इन दस्तावेजों से कथित नेटवर्क के वित्तीय लेन-देन और दवाओं की सप्लाई से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुराग मिल सकते हैं।अब पुलिस इन रिकॉर्ड के जरिए यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि गिरोह का कारोबार कितने समय से चल रहा था और इसमें कितने अन्य लोग जुड़े हो सकते हैं।क्राइम ब्रांच की जांच में कथित तौर पर सामने आया कि सिंडिकेट दवाओं को तीन प्रमुख रास्तों से हासिल करता था।पहला तरीका था अनधिकृत स्रोतों से नकली दवाओं की खरीद। ऐसी दवाओं को बाद में असली ब्रांड और पैकिंग जैसा दिखाने की कोशिश की जाती थी।दूसरा रास्ता अस्पतालों से जुड़ा बताया गया है। पुलिस को संदेह है कि कैंसर मरीजों के लिए अस्पतालों में उपलब्ध महंगी दवाओं को कथित तौर पर बाहर निकालकर अवैध बाजार में पहुंचाया जाता था।तीसरा और बेहद गंभीर आरोप सरकारी संस्थानों और सरकारी सप्लाई से दवाओं को डायवर्ट करने का है। पुलिस के मुताबिक, गरीब और जरूरतमंद मरीजों के इलाज के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली कुछ दवाएं कथित तौर पर अवैध बाजार तक पहुंचाई गईं।अगर जांच में यह आरोप साबित होते हैं तो मामला सिर्फ नकली दवा बेचने तक सीमित नहीं रहेगा,

# पैगंबर-ए-इस्लाम मोहम्मद साहब की यौम-ए-पैदाइश पर निकला जोशोखरोश से जुलूस-ए-मोहम्मदी

## -हुजूर की आमद मरहबा, सरकार की आमद मरहबा के लगे नारे





( यंग भारत न्यूज )

**उरई** : सड़कों पर आशिक-ए- रसूल का हुजूम। हाथों में लहराते इस्लामी हरे परचम। लबों पर दरूद ओ सलाम। रंग-बिरंगी रोशनी में डूबे जुलूस के रास्ते और पैगंबरे दो आलम मुहम्मद साहब की मोहब्बत का एहसास कराती झांकियां। बजते नातिया कलाम। फिजा में गूंजते नारे तकबीर के नारे। कुछ ऐसा ही नजारा था जुलूस-ए-मोहम्मदी का। बुधवार को पूरे अखलाक और खुलूस के साथ पैगंबर-ए-इस्लाम मोहम्मद साहब की यौम-ए-पैदाइश के मौके पर शहर में अंजुमन फिदायाने रसूल कमेटी के नेतृत्व में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। इस दौरान मुस्लिम समुदाय में जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी की धूम रही।

बता दे कि शहर के गणेशगंज स्थित कादरी चैराहे से जुलूस-ए मुहम्मदी के सदर शाही इमाम हाफिज फिरोज अली रहमानी ने गंजमुरादाबाद से आये धर्मगुरु मारूफ मियां, सयोंजक व सदर इमाम हाफिज जमील कादरी, शहर इमाम हाफिज मंजूर बरकाती, कारी रियाज व काजी-ए-शहर शकील वेग रहमानी की मौजूदगी में जुलूस-ए- मोहम्मदी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी लोग सड़कों पर अंजुमन फिदायाने रसूल कमेटी के साथ कदीमी रास्तों से गुजरे। बड़े-बुजुर्ग दरूद और नाते मनकबत पढ़ते हुए चल रहे थे। उलेमा-ए-इकराम तकरीर के जरिये शरीअत और कुरान की तालीम बयान कर रहे थे। इस मौके पर पत्ती-पत्ती, फूल-फूल या रसूल.. या रसूल, हुजूर की आमद मरहबा..सरकार की आमद मरहबा.. के नारे बुलंद हुए। नन्हे-मुन्ने माहौल को नूरानी बना रहे थे। जूलूस बजारिया रोड से कृष्णा टॉकीज, शहीद भगत सिंह चैराहा, जिला अस्पताल होते हुए दलगंजन तिराहा पहुंचा। जहाँ स्टेशन रोड से धर्मगुरु हाफिज अब्दुल जब्बार के नेतृत्व मे उठाएं गए जुलूस-ए- मोहम्मदी भी शामिल हुआ। जुलूस-ए-मोहम्मदी बजारिया रोड होते हुए बापस गणेश गंज कादरी चैराहे पर समाप्त हुआ। जहां समुदाय के लोगों ने अमन-चैन की दुआ मांगी। जुलूस में नगर की कई अंजुमनों ने शिरकत की। जिसमें मदरसा बरकातिया, गरीब नवाज मदरसा, रजाये मुस्तुफा कमेटी सहित अन्य कमेटियों के बच्चे नातें नबी दरूद ओ सलाम पढ़ते चल रहे थे और सलातो सलाम पढ़ा। जुलूस मे वक्ताओ ने पैगंबर मोहम्मद साहब के जीवन को बयान करते हुए कहा कि हमारी जिंदगी में अमन, सुकून तब ही आ सकता है, जब हम पैगंबर के बताए रास्ते पर चलेंगे। कहा कि इस्लाम का वास्तविक रूप भाईचारे और सद्भाव के साथ रहने का संदेश देता है। मुसलमानों के लिए पैगंबर साहब की पैदाइश का दिन बेहद खास है। उनका जन्म न होता तो हमें न कुरान मिलता, न रमजान और न ईद। ये सारी खुशियां हमें पैगंबर के मिलाद के सदके में मिली है। कार्यक्रम का संचालन हाफिज अजीज बरकाती ने किया। इस मौके पर कारी हसन, हाफिज आमिर, हाफिज गुलाम हुसैन, हाफिज शहीद, हाफिज अनस, हाफिज शहादत हुसैन, राजू मंसूरी, कू कू माहते, हाजी इसरार खान, शफीकुर्रहमान कशफी, रिहान सिद्दीकी, नबीउद्दीन, इबादत अली शानू, नूर मोहम्मद, राजू मंसूरी आदि लोग मौजूद रहे।

**नेताओं ने भी की जुलूस में शिरकत**

जुलूसे मुहम्मदी में राजनीतिक दलों के लोगों ने भी शिरकत की। युवा नेता दीवान इरफान सिद्दीकी, फुरकान सिद्दीकी, शहजाद सिद्दीकी, सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर, पूर्व जिलाध्यक्ष बीरपाल दादी, बसपा जिलाध्यक्ष ब्रजेश जाटव, कांग्रेस के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, पूर्व अध्यक्ष विजय चैधरी, मुहम्मद अकील, नवी उद्दीन, शोज़ेब सिद्दीकी, फाजिल सिद्दीकी, अमीर खान, सिराज खान, अरबाज़ खान, नदीम मामू समेत तमाम नेता मुबारकबाद देने के लिए जुलूस में पहुंचे।

# आरक्षण बचाओ आंदोलन को लेकर गांधी चबूतरा पर जुटे एससी-एसटी व ओबीसी समाज के लोग

## - एससी-एसटी, ओबीसी आरक्षण लेकर रहेंगे-रवि कोरी



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** आरक्षण बचाओ आंदोलन को लेकर बुधवार को शहर कोतवाली उरई के सामने स्थित गांधी मार्केट के गांधी चबूतरा पर एससी-एसटी, ओबीसी एकता समिति जालौन के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व रवि कोरी अम्बेडकरवादी ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने आरक्षण व्यवस्था को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त करते हुए एससी-एसटी और ओबीसी समाज के लोगों से एकजुट होकर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए आवाज उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संविधान में दिए गए अधिकारों और आरक्षण की व्यवस्था की रक्षा के लिए समाज को जागरूक एवं संगठित रहना जरूरी है। आंदोलन की अध्यक्षता कर रहे रवि वर्मा ने कहा कि संगठन के जिलाध्यक्ष रवि कोरी ने अपने संबोधन में कहा कि आरक्षण व्यवस्था में एसी/एसटी और ओबीसी को संवैधानिक अधिकारों के अनुसार प्रतिनिधित्व देने की मांग की तथा आरक्षण व्यवस्था को लेकर दिए गए प्रार्थना-पत्र में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को उनके संवैधानिक अधिकारों के अनुरूप प्रतिनिधित्व और आरक्षण दिए जाने की मांग की गई है। प्रार्थना-पत्र में कहा गया है कि ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत तथा एससी-एसटी वर्ग को निर्धारित 22.5 प्रतिशत आरक्षण का पूर्ण लाभ सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सरकारी सेवाओं एवं अन्य क्षेत्रों में आरक्षण के प्रावधानों का प्रभावी ढंग से पालन कराने की मांग की गई है। पत्र में कहा गया कि आरक्षण का उद्देश्य वंचित एवं पिछड़े वर्गों को समान अवसर उपलब्ध कराना है। इसलिए सरकार द्वारा आरक्षण से जुड़े प्रावधानों को पूरी तरह लागू किया जाना चाहिए, ताकि एससी-एसटी/ एवं ओबीसी वर्ग के लोगों को शिक्षा, रोजगार और अन्य क्षेत्रों में उनका उचित प्रतिनिधित्व मिल सके।प्रार्थना-पत्र के माध्यम से शासन-प्रशासन से मांग की गई कि आरक्षण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनदेखी न हो और संबंधित वर्गों को नियमानुसार उनका अधिकार सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम में सुशील चौधरी, सज्जन कुमार वर्मा, भारप्रताप सिंह, गंगाराम, लाखन सिंह बैरागी, अमर सिंह, महेंद्र सिंह, रामऔतार गौतम, संत कुमार शिरोमणि, नाथूराम बौद्ध, डालचंद वर्मा, रमाकांत चौधरी, रायबहादुर, मनोज दिवाकर, सुधाकर राव गौतम, पुनीत कुमार, अवैध गौतम, अरुण कुमार और परशुराम कनौजिया सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे। इस दौरान लोगों ने आरक्षण के संरक्षण और सामाजिक अधिकारों को लेकर अपनी एकजुटता दिखाई।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर बाइक हादसा, युवक की मौत; साथी गंभीर घायल

( यंग भारत न्यूज )



**उरई** । बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर बुधवार को तेज बारिश के दौरान हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा जालौन जिले के कुठौंद थाना क्षेत्र में एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 217 के पास हुआ।

जानकारी के अनुसार, हरियाणा के गुरुग्राम से मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के सिंहपुर जा रहे दो बाइक सवारों की बाइक बारिश के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बताया गया कि तेज बारिश के कारण सड़क पर फिसलन अधिक थी। इसी दौरान बाइक की चेन उतर गई, जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में बाइक सवार रामचंद्र प्रजापति (28), पुत्र कमलेश प्रजापति की गंभीर चोटों के कारण मौत हो गई। उनके साथ बैठे संदीप (30) को भी गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने रामचंद्र को मृत घोषित कर दिया, जबकि संदीप की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया गया। बारिश में वाहन चलाते समय विशेष सावधानी की जरूरत

हादसे के बाद पुलिस ने वाहन चालकों से बारिश के दौरान विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। सड़क पर फिसलन होने के कारण तेज गति से वाहन चलाने पर नियंत्रण खोने और हादसे की आशंका बढ़ जाती है। पुलिस ने वाहन चालकों से गति नियंत्रित रखने और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की है।

# बारिश के चलते भरभराकर गिरा कच्चा मकान और बेघर हुआ परिवार

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगण** जालौन। 24 घंटों से हो रही बारिश ने ग्राम जगम्मनपुर निवासी नीलेश सक्सेना के परिवार की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बारिश के कारण उनका कच्चा मकान अचानक भरभराकर ढह गया। मकान गिरने से परिवार का आशियाना उजड़ गया और घर में रखा गृहस्थी का सामान मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि मकान गिरने के समय परिवार के सदस्य उसके अंदर मौजूद नहीं थे, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

पिछले कुछ समय से हो रही बारिश के चलते जगम्मनपुर निवासी नीलेश सक्सेना के कच्चे मकान की दीवारों में नमी आ गई थी और कमजोर हो गई थीं। बुधवार की सुबह बारिश के बीच अचानक मकान भरभराकर गिर पड़ा। मकान गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। गनीमत रही कि हादसे के समय मकान में कोई नहीं था। हालांकि घर में रखा अनाज और घर गृहस्थी का सामान मलबे में ही दब गया। हादसे के बाद अब परिवार के पास अब आर्थिक स्थिति का संकट आ गया। ट्यूशन पढ़ा कर परिवार का भरण-पोषण करने वाले नीलेश सक्सेना ने बताया कि बारिश के इस मौसम में मकान कैसे बनेगा और कहां रहेंगे यह समस्या आ खड़ी हुई है। मकान में रखा अनाज, कपड़े, बिस्तर और अन्य घरेलू सामान भी मलबे में दबकर खराब हो गया है। लगातार बारिश के चलते पहले ही रोजमर्रा का काम प्रभावित हो रहा था। इसी बीच मकान गिर जाने से परेशानी और बढ़ गई है। उन्होंने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

# रक्षाबंधन पर मातृशक्ति को मा0 मुख्यमंत्री जी की बड़ी सौगात, जालौन में गूंजा 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा' का संदेश

## - 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं को नि:शुल्क बस यात्रा सुविधा, योजना का किया शुभारंभ

## - रक्षाबंधन के पर्व पर प्रदेश की माताओं, बहनों एवं बेटियों के लिए 27, 28 एवं 29 अगस्त तक सहयात्री सहित नि:शुल्क बस यात्रा की सुविधा की भी घोषणा की



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** रक्षाबंधन के पावन पर्व से पहले उत्तर प्रदेश की मातृशक्ति को मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने बड़ी सौगात दी। लखनऊ स्थित जुपिटर हॉल, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान से मुख्यमंत्री ने 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं के लिए नि:शुल्क बस यात्रा की सुविधा प्रदान करने वाली 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा' योजना का शुभारंभ किया तथा विशेष बसों को फ्लैग-ऑफ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन के पर्व पर प्रदेश की माताओं, बहनों एवं बेटियों के लिए 27, 28 एवं 29 अगस्त तक सहयात्री सहित नि:शुल्क बस यात्रा की सुविधा की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण आज राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से बड़ी संख्या में उपस्थित नारी शक्ति, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक देखा और सुना। कार्यक्रम में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रशासक डॉ. घनश्याम अनुरागी, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, विधान परिषद सदस्य के प्रतिनिधि मयंक त्रिपाठी, कालपी विधायक के प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। मा0 मुख्यमंत्री जी के संबोधन के दौरान सभागार में मौजूद महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को दी गई नि:शुल्क यात्रा की सुविधा को उपस्थित नारी शक्ति ने सरकार की ओर से सम्मान, सुरक्षा और आत्मीयता से जुड़ी पहल बताया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने भी माताओं एवं बहनों को रक्षाबंधन के पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए साड़ी का वितरण किया। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए लगातार कार्य कर रही है। रक्षाबंधन के अवसर पर नि:शुल्क बस यात्रा की सुविधा बहनों के लिए सरकार की संवेदनशीलता और उनके प्रति सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को सुविधाएं देने के साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन ने कहा कि 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा' योजना विशेष रूप से वरिष्ठ माताओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है। 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं को नि:शुल्क यात्रा की सुविधा मिलने से उन्हें अपने परिजनों से मिलने तथा धार्मिक एवं सामाजिक यात्राओं में सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन पर बहनों को सहयात्री सहित नि:शुल्क यात्रा की सुविधा देकर मुख्यमंत्री ने पर्व की खुशियों को और बढ़ा दिया है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रशासक डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का पर्व नहीं, बल्कि मातृशक्ति के सम्मान का भी अवसर है। प्रदेश सरकार द्वारा इस अवसर पर महिलाओं को नि:शुल्क यात्रा की सुविधा देना सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से महिलाओं के जीवन में सुविधा, सुरक्षा और आत्मविश्वास बढ़ रहा है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं के लिए की गई नि:शुल्क बस यात्रा की व्यवस्था मा0 मुख्यमंत्री जी की मातृशक्ति के प्रति संवेदनशील सोच को दर्शाती है। जिलाधिकारी ने उपस्थित महिलाओं को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाई जाए, ताकि पात्र नागरिक उनका पूरा लाभ उठा सकें। जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा, स्वावलंबन और सशक्तिकरण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। सरकार की प्राथमिकता है कि माताओं, बहनों और बेटियों को सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण के साथ आगे बढ़ने के अवसर मिलें। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से देश ने अपनी शक्ति और सुरक्षा के प्रति दृढ़ संकल्प का परिचय दिया, वहीं प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं उनके जीवन को सुगम और सशक्त बनाने का कार्य कर रही हैं। रक्षाबंधन पर नि:शुल्क बस यात्रा की सुविधा तथा वरिष्ठ महिलाओं के लिए 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा' इसी संवेदनशील सोच और मातृशक्ति के प्रति सम्मान का उदाहरण है।

# जनपद में बरसात के दौरान हो सर्पदंश से हो चुकी ताबड़तोड़ मौते

## खेत में काम कर रहे किसान की सर्प दंश से मौत



( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** चुर्खी थाना क्षेत्र के ग्राम सीकरी रहमानपुर में खेत में काम कर रहे एक किसान की सांप के डसने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 55 वर्षीय रामजी सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रामजी सिंह शाम के समय अपने खेत में निराई कर रहे थे। इसी दौरान अचानक सांप ने उनके पैर में डस लिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उन्हें तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के बेटे यशपाल ने बताया कि उनके पिता खेत में काम कर रहे थे, तभी सांप ने उन्हें डस लिया। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि किसान की मौत सर्पदंश से होने की सूचना मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जुलूसे मुहम्मदी में युवाओं मे दिखा उत्साह, सेल्फी का रहा क्रेज

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** नगर में पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। इस आयोजन में मुस्लिम समुदाय के युवाओं और युवतियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। यह जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, जिसके लिए पुलिस प्रशासन चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहा।

जुलूस के दौरान 'नारे तकबीर, अल्लाहु अकबर' और 'शान-ए-रिसालत' के नारों से पूरा नगर गूंज उठा। इस अवसर पर मुस्लिम धर्म से संबंधित आकर्षक झंडे भी निकाले गए, जिन्हें देखने के लिए लोगों में काफी उत्साह देखा गया,वहीं युवाओं ने सजे-धजे मार्गों, हरी झंडियों और जुलूस के खूबसूरत दृश्यों के साथ जमकर सेल्फी ली और रील्स बनाईं। नए ट्रेंड के तहत युवाओं ने अपनी टोपी, लिबास और जुलूस के माहौल के साथ फोटो क्लिक कर तुरंत स्टेटस और स्टोरी पर अपलोड किए। जिससे पूरा सोशल मीडिया जुलूसे मुहम्मदी की रील और सेल्फी से जगमगा उठा। इस अवसर पर युवाओं ने शांति, मोहब्बत और भाईचारे के संदेश के साथ अपनी तस्वीरें साझा कीं। इस दौरान याक़ूब अली, सलमान खान, अब्दुल समद, अनवारूल हक़, बाबू सहित सेंकड़ों युवाओं ने सेल्फी लेकर जुलूसे मुहम्मदी पर भाईचारा और शांति का पैगाम दिया।

# एसडीएम सीओ ने भारी मात्रा मे 5 कुंटल खोया रखे हुए स्कॉर्पियो गाड़ी को पकड़ कर कोतवाली परिसर में पुलिस के सुपुर्द खड़ी करवाई

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )** ।आने वाले त्योहारों में आम जनमानस को शुद्ध सामग्री उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने पूरी तरह से कमर कसली है वही बीती रात उप जिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य पुलिस उपाधीक्षक राजेश कमल संयुक्त चैकिंग अभियान चलाकर वापस लौट रहे थे उसी समय दोनों अधिकारियों को आलमपुर चौराहे हाईवे में आये उसी समय निकल रही स्कॉर्पियो गाड़ी को देख कर शक हुआ वही तत्काल मौजूद पुलिस जवानों ने गाड़ी नंबर यूपी 92 एबी 9099 चालक अंकित यादव को रोककर जामा तलाशी ली उसी दौरान लगभग 5 कुंटल खोया भरकर कानपुर की ओर जा रहा था मौजूद दोनों अधिकारियों ने चालक से पूछताछ कर रखें खोया के अभिलेख मांगे तो अभिलेख दिखाने में कहा कि कोई कागजात नहीं है कोई कागज नहीं दिखा सका उक्त गाड़ी को पकड़वा कर पुलिस को कोतवाली में खड़े करने के निर्देश दिए मौजूद पुलिस ने गाड़ी को कोतवाली में खड़ा कराया अधिकारियों के द्वारा भारी मात्रा में खोया पकड़ने पर खोया व्यापारियों बीच हड़कंप मच गया एसडीएम ने खाद्य विभाग अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए वही निर्देश पाकर मंगलवार के दिन खाद्य सुरक्षा विभाग सहायक कमिश्नर एवं जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी कन्हैया लाल विनोद कुमार आदि अधिकारियों ने टीम के साथ पहुंच कर कोतवाली प्रांगण में खड़ी गाड़ी में रखा हुआ लगभग 5 कुंटल खोया का निरीक्षण किया साथ में उन्होंने अवगत कराया कि खोया की सेंपलिंग ली गई है यह प्रयोगशाला भेजी जाएगी जो जांच में आएगा उसी के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी जब तक यह खोया कोल्ड स्टोर उरई रहिया फैक्ट्री स्थित में सुरक्षित रखा जाएगा कोतवाली कालपी से खाद्य सुरक्षा टीम अधिकारियों ने एक सिपाही को गाड़ी में बैठाकर उक्त चालक के साथ उरई रहिया स्थित कोल्ड स्टोर में खोया रखने के लिए कूच कर गए।


# शहीद स्मारक पार्क की बाउंड्रीवाल पहली बारिश में धराशायी, निर्माण गुणवत्ता पर सभासद पहले से ही लगा रहे थे आरोप

## करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से विकसित हो रहे पार्क की दीवार गिरी, स्थानीय लोगों ने तकनीकी जांच की मांग उठाई

**-नगर पालिका के विकास कार्यों में अनियमितता के आरोपों के बीच शहीद स्मारक पार्क का मामला चर्चा में**

**-सभासद लंबे समय से मांग रहे निष्पक्ष जांच, बोले- तकनीकी जांच हुई तो सामने आएगी निर्माण कार्यों की हकीकत**

**-ईओ राम अचल कुरील ने कहा- गिरी बाउंड्रीवाल पिछले कार्यकाल में बनी थी, पार्क का काम बाद में शुरू हुआ**



( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** नगर पालिका परिषद उरई द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। शहीद स्मारक पार्क में कराए गए निर्माण कार्यों में शामिल बाउंड्रीवाल का एक हिस्सा बारिश के बाद धराशायी हो गया। करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से विकसित किए जा रहे पार्क की दीवार गिरने के साथ ही उसके कई हिस्सों में दरारें भी दिखाई दे रही हैं। इससे स्थानीय लोगों में निर्माण कार्य की गुणवत्ता और उसकी निगरानी व्यवस्था को लेकर नाराजगी है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि यदि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराया गया होता तो सामान्य बारिश के बाद बाउंड्रीवाल इस तरह नहीं गिरती। लोगों ने दीवार के निर्माण में इस्तेमाल की गई सामग्री, नींव की मजबूती और निर्माण प्रक्रिया की तकनीकी जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि सार्वजनिक धन से कराए जा रहे निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होना चाहिए। शहीद स्मारक पार्क की बाउंड्रीवाल गिरने का मामला ऐसे समय सामने आया है, जब नगर पालिका परिषद उरई में विकास कार्यों को लेकर कुछ सभासद लगातार भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की जांच की मांग करते रहे हैं। सभासदों का कहना है कि नगर पालिका क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों की यदि निष्पक्ष और तकनीकी जांच कराई जाए तो कई मामलों की वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है। उनका आरोप है कि जनता से टैक्स के रूप में प्राप्त धनराशि से होने वाले कार्यों की गुणवत्ता की प्रभावी निगरानी नहीं हो रही है। सभासदों की ओर से नगर पालिका में कथित भ्रष्टाचार की जांच की मांग जिला प्रशासन के समक्ष भी उठाई जाती रही है। हालांकि, अभी तक ऐसी किसी व्यापक तकनीकी जांच का परिणाम सामने नहीं आया है, जिससे आरोपों की वास्तविकता स्पष्ट हो सके। नगर पालिका में पूर्व में भी विभिन्न कार्यों को लेकर सवाल उठते रहे हैं। आरोप यह भी लगाए गए कि कुछ मामलों में जांच अधिकारियों में बदलाव हुआ, जिसके कारण जांच प्रक्रिया को लेकर भी सवाल खड़े हुए। इधर शहीद स्मारक पार्क की बाउंड्रीवाल गिरने के बाद इन आरोपों को लेकर चर्चाएं और तेज हो गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पार्क जैसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल के निर्माण में अधिकारियों और संबंधित कार्यदायी संस्था की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। यदि निर्माण में मानकों की अनदेखी हुई है तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। हालांकि नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील ने मामले में अलग पक्ष रखा है। उनका कहना है कि जो बाउंड्रीवाल गिरी है, वह पिछले कार्यकाल में बनाई गई थी। उनके कार्यकाल में पार्क का निर्माण कार्य शुरू हुआ था, लेकिन उस समय यह दीवार पहले से बनी हुई थी। ऐसे में वर्तमान में गिरी दीवार के निर्माण की जिम्मेदारी पिछले कार्यकाल से संबंधित होने की बात कही जा रही है।

वहीं नगर पालिका के कुछ सभासद पूर्व में अधिशासी अधिकारी पर भी भ्रष्टाचार के आरोप लगा चुके हैं, जिनकी जांच चलने की बात कही गई है। ऐसे में पार्क की बाउंड्रीवाल गिरने के बाद पुराने आरोपों को लेकर भी राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर चर्चाएं तेज हो गई हैं। हालांकि आरोपों की वास्तविकता और बाउंड्रीवाल गिरने के कारणों की पुष्टि तकनीकी जांच के बाद ही हो सकेगी। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि शहीद स्मारक पार्क में अब तक कराए गए सभी निर्माण कार्यों की तकनीकी जांच कराई जाए। बाउंड्रीवाल की नींव, निर्माण सामग्री, सरिया, सीमेंट, ईंट और अन्य इस्तेमाल की गई सामग्री की गुणवत्ता की जांच के साथ ही निर्माण मानकों का भी परीक्षण कराया जाए। इसके अलावा यह भी जांच हो कि निर्माण कार्य की निगरानी किस अधिकारी या एजेंसी द्वारा की गई थी। लोगों का कहना है कि जांच निष्पक्ष तरीके से होने पर यह स्पष्ट हो सकेगा कि बाउंड्रीवाल गिरने की वजह निर्माण की खराब गुणवत्ता थी या पहले से मौजूद संरचना कमजोर थी। यदि तकनीकी जांच में निर्माण में खामियां मिलती हैं तो संबंधित ठेकेदार, जिम्मेदार अधिकारी अथवा कार्यदायी संस्था की भूमिका तय कर कार्रवाई की जानी चाहिए। शहरवासियों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यों में जनता के धन का इस्तेमाल होता है। ऐसे में प्रत्येक निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करना नगर पालिका और संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है। शहीद स्मारक पार्क की बाउंड्रीवाल गिरने की घटना को केवल एक दीवार गिरने तक सीमित न रखकर पूरे निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराई जानी चाहिए। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और शहीद स्मारक पार्क के निर्माण कार्य की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराकर जिम्मेदारी तय करता है या मामला आरोप-प्रत्यारोप तक ही सीमित रह जाता है।

# राम कुंड से कौशलेश्वर मंदिर तक निकाली गयी कावड यात्रा

**-सैकडो शिव भक्तो ने चढाया महादेव को जल**

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** नगर के प्राचीन रामकुण्ड से लेकर धनुताल स्थित कौशलेश्वर महादेव मंदिर तक अयोध्यावासी स्वर्णकार समाज द्वारा भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गयी ।अयोध्यावासी स्वर्णकार समाज के तत्वावधान में सावन के पावन अवसर पर रामकुण्ड से कौसलेश्वर महादेव मंदिर तक भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भगवान शिव के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया ।कांवड़ यात्रियों ने रामकुण्ड से जल भरकर पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए कौशलेश्वर महादेव मंदिर की ओर प्रस्थान किया। यात्रा के दौरान श्रद्धालु 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष करते हुए आगे बढ़े। पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता,एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक राठौर ने यात्रा का स्वागत किया। वही जगह-जगह लोगों ने कांवड़ियों पर पुष्प वर्ष कर स्वागत किया और यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए जलपान एवं पेयजल की व्यवस्था की ।कौशलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर कांवड़ियों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, भाईचारा और आपसी सद्भाव मजबूत होता है। कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में समाज के पुरुष, महिलाएं और युवा शामिल रहे। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। पूरे मार्ग में शिवभक्ति का माहौल बना रहा और भगवान भोलेनाथ के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा ।वही यात्रा में साथ चल रहे डीजे पर बाबा के भक्त खूब मस्ती करते रहे। इस मौके पर अध्यक्ष समाज के मुकेश सोनी,उपाध्यक्ष ज्ञान सोनी, मंत्री अरविन्द सोनी, सह मंत्री सुरेश सोनी, प्रह्लाद कौशल, जय प्रकाश सोनी, मनोज कौशल, हरदयाल सोनी, मनीष सोनी, बाबा, रामू सोनी, मुन्ना सोनी, आनंद सोनी, सचिन सोनी, सत्यम सोनी, अनिल सोनी, प्रदीप सोनी, संतोष सोनी, शैलेश सोनी, शिवराम सोनी, अलोक सोनी, राजेंद्र सोनी, शरद सोनी, मोहित सोनी, हर्ष सोनी, बंटी सोनी, कृष्णा कुमार सोनी, रामसारुप सोनी, रामजी सोनी, नारयदास सोनी, ओमकर सोनी, अखलेश सोनी, सुंदरम सोनी, मुकेश, सौरभ, विवेक, वेदांत, अक्षयतम, अंशिका, सिया, अशोक, शिवांश, चाहत, गोरी, महक, आकांक्षा, सानिध्य, सोम, आयुष सोनी आदि लोग मौजूद रहे।

# बारावफात मे सुन्नी जामा मस्जिद से नगर मे निकला जुलूस

**उपजिला अधिकारी मनोज प्रकाश क्षैत्राधिकारी अंबुज यादव कि निगरानी मे व कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा कि मौजूदगी मे शान्ति व्वास्था के साथ जुलूस निकला**

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़( जालौन )।** नगर में पैगम्बर इस्लाम हजरत मुहम्मद मुस्तफा का यौमे बिलादत जन्म दिवस ईद मीलादुन्नबी का त्यौहार 26 अगस्त दिन बुधवार को मनाया गया जिसमें जुलूसे मुहम्मदी का जुलूस सुन्नी जामा मस्जिद से डीजे गाजे बाजे के साथ रामपुरा स्टैंड से चितौरा रोड होते हुये नगर मे शान्ति व्वास्था के साथ जुलूस निकला मुस्लिम समुदाय के व्यक्तियो ने स्टोल लगाकर जलपान करया 219 विधानसभा के प्रबल दावेदार राघवेंद्र आमखेड़ा मनोज चौधरी साहब सपा की कार्यकर्ता मौजूद रहे जगह-जगह पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था में तैनात अतिरिक्त प्रभारी एस आई दिनेश तोमर एस आई शिवकरन सिह एस आई सन्तोष कुमार। एस आई अदिल खान अदि एस आई व पुलिस शुक्ला मनीष कुमार जितेन्द्र कुमार नीतू चहार दीमान वीर सिह अदि पुलिस बल सुरमौजूदक्षा व्वास्था के साथ जूलूस का समापन किया शोले खान मुन्ना खा शोवी खान इमरान अली सिटू खान पुच्चन मुबारक खान सहित मुस्लिम समुदाय के व्यक्ति मोजूद रहे रहा

# कालपी-कोंच में मिठाई दुकानों पर खाद्य विभाग की छापेमारी, पांच नमूने जांच को भेजे

( यंग भारत न्यूज )



- **कालपी व कोंच में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई**
- **मिठाई, खोया, छैना, बेसन लड्डू, तेल और गुझिया के नमूने लिए**
- **प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट आने के बाद होगी विधिक कार्रवाई**
- **मिलावट मिलने पर संबंधित खाद्य कारोबारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई**

**उरई।** आम जनमानस को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापरक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने तथा मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को कालपी और कोंच तहसील में खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमार कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान अलग-अलग खाद्य पदार्थों के कुल पांच नमूने संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, जालौन के सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय डा. सी.आर. प्रजापति के निर्देशन में खाद्य कारोबारियों के प्रतिष्ठानों की जांच की गई। उन्होंने मिलावटी एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीमों का गठन किया था। अभियान के तहत कोंच तहसील के मेन बाजार स्थित गिरिराज मिष्ठान भंडार पर टीम ने पहुंचकर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की। यहां से खोया तथा छैना की मिठाई के एक-एक नमूने संग्रहित किए गए। इसके बाद टीम ने कालपी तहसील के कालपी स्थित फूल पावर मिष्ठान भंडार का निरीक्षण किया। यहां से बेसन का लड्डू, रिफाइंड सोयाबीन ऑयल तथा गुझिया के एक-एक नमूने लिए गए। इस प्रकार बुधवार 26 अगस्त को विभागीय टीमों द्वारा कुल पांच खाद्य नमूने संग्रहित किए गए हैं। सभी नमूनों को नियमानुसार जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नमूनों की गुणवत्ता के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। छापेमार अभियान में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार कटियार, कन्हैया लाल यादव, सुनील कुमार, महेश प्रसाद एवं झनकार सिंह शामिल रहे। टीम ने खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करने के साथ ही खाद्य कारोबारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। सहायक आयुक्त खाद्य डा. सी.आर. प्रजापति ने बताया कि जनपदवासियों को शुद्ध एवं सुरक्षित दूध, दुग्ध उत्पाद तथा अन्य खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभाग की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने खाद्य कारोबारियों को स्पष्ट हिदायत दी कि खाद्य पदार्थों में किसी भी प्रकार की मिलावट न की जाए और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ न हो। उन्होंने कहा कि त्योहारों एवं सामान्य दिनों में भी खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर विभाग सतर्क है। खाद्य कारोबारियों को मानकों के अनुरूप खाद्य पदार्थों का निर्माण, भंडारण एवं बिक्री करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। विभाग का उद्देश्य जनपदवासियों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य और पेय पदार्थ उपलब्ध कराना है। इसी उद्देश्य से जिले में जांच और प्रवर्तन की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रखी जाएगी।

# एसडीएम व सीओ ने फुट मार्च कर नागरिकों से संवाद किया

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** ईद मिलाद-उन-नबी व रक्षाबंधन त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए बीती रात को एसडीएम विनय कुमार मौर्य तथा पुलिस उपाधीक्षक राजेश कमल सिंह के नेतृत्व में नगर में पुलिस जवानों ने धर्म स्थलों के आसपास तथा भीड़ भाड़ वाले स्थानों तथा सड़कों में फुट मार्च करके जनता को सुरक्षा का अहसास कराया ।इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के उद्देश्य से जनता से संवाद किये।

क्षेत्र में शांति तथा कानून व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से एसडीएम विनय कुमार मौर्य,क्षेत्राधिकारी राजेश कमल,कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय वृम्ह तिवारी, एडीशनल इंस्पेक्टर अवनीश कुमार,वरिष्ठ उपनिरीक्षक उदय प्रताप सिंह,टरनंनगंज चौकी इंचार्ज सुरेश चंद्र, रामगंज चौकी इंचार्ज विशाल भड़ाना, महमूदपुरा चौकी इंचार्ज समेत पुलिस जवानों ने कालपी नगर के फुल पावर चौराहा ,बाईपास, जुलैहटी मार्केट,हाईवे सर्विस लेन, हरीगंज, आदि स्थानों में घूम घूम कर पैदल मार्च किया। जगह-जगह एसडीएम व सीओ ने जनता से संवाद स्थापित कर जानकारियां ली। फुट मार्च के दौरान रास्ते में संदिग्ध लोगों से पुलिस टीम के द्वारा पूछताछ की गई। इस मौके पर बिपलेद्र कुमार, आशीष कुमार, सुनील कुमार के अलावा महिला सिपाही शामिल रहे। पुलिस जवानों के पैदल मार्च करने से नागरिकों में सुरक्षा का अहसास हुआ। एसडीएम तथा सीओ ने थानेदारों को निर्देश दिया कि क्षेत्र में त्योहारों के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिये पुख्ता इंतजाम किये जाये।

# 20 घंटे की झमाझम बारिश से तीन गांवों में गिरे कच्चे मकान

**राजस्व कर्मचारी मौके पर जायजा लेने पहुंच- तहसीलदार**

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** करीब 20 घंटे तक लगातार हुई झमाझम बारिश से तहसील क्षेत्र के कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। वहीं तहसील क्षेत्र के तीन अलग-अलग गांवों में कच्चे मकानों के आंशिक रूप से गिरने की खबर सामने आई है। मामले की जानकारी मिलते ही तहसीलदार श्रीष कुमार मिश्रा के निर्देश पर क्षेत्रीय लेखपालों एवं राजस्व कर्मचारियों की टीमों को मौके पर भेजकर स्थिति का जायजा लिया गया।

विदित हो कि मंगलवार की दोपहर से शुरू हुआ मानसूनी बारिश का सिलसिला बुधवार तक जारी रहा। लगातार बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित होने के साथ ही कई स्थानों पर जलभराव हो गया। बारिश की चपेट में तहसील क्षेत्र के आटा, भेड़ी खुर्द तथा दादूपुर गांव में कच्चे मकानों के आंशिक रूप से गिरने की जानकारी सामने आई है। तहसीलदार श्रीष कुमार मिश्रा ने बताया कि मकान गिरने की घटनाओं में किसी प्रकार की जनहानि या धनहानि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय लेखपालों एवं राजस्व कर्मचारियों की अलग-अलग टीमें संम्बंधित गांवों में भेजी गई हैं। मौके से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आगे की विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उधर लगातार बारिश से खेतों में जलभराव होने के कारण तिल की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। किसानों का कहना है कि खेतों में पानी भर जाने से फसल चौपट होने की आशंका बढ़ गई है।

# 21 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** पुलिस उपाधीक्षक कालपी राजेश कमल के निर्देश पर तहसील क्षेत्र के ग्राम रिनिया वैदेपुर में इलाकाई पुलिस ने गश्त के दौरान 21 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना चुर्खी की पुलिस उपनिरीक्षक जवाहर सिंह, उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र, कांस्टेबल विकास कुमार और कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रिनियां-वैदेपुर मार्ग पर मंगल सिंह के खेत के पास नीम के पेड़ के नीचे एक व्यक्ति थैले में अवैध शराब लेकर खड़ा है ।सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध युवक को हिरासत में ले लिया। आरोपी मनोज तिवारी (22) निवासी ग्राम चुर्खी की तलाशी ली तो उसके पास मौजूद प्लास्टिक के झोले से 21 क्वार्टर देशी शराब बरामद हुए। पुलिस ने इस मामले में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है।

# उरई मेडिकल कॉलेज में दो जटिल जबड़े के फ्रैक्चर का सफल ऑपरेशन

## आयुष्मान योजना के तहत स्थानीय स्तर पर हुई मैक्सिलोफेशियल सर्जरी

- सड़क हादसों में घायल दो मरीजों के जबड़े का ओआरआईएफ विधि से ऑपरेशन
- ओपीजी व सीटी फेस जांच के बाद चिकित्सकों ने तय की सर्जरी की प्रक्रिया
- दंत चिकित्सा विभाग की टीम ने सफलतापूर्वक किया दोनों मरीजों का उपचार
- प्रधानाचार्य बोले- जटिल मैक्सिलोफेशियल सर्जरी की सुविधा मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध



( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई के दंत चिकित्सा विभाग में सड़क दुर्घटना में घायल दो मरीजों के जबड़े के जटिल फ्रैक्चर का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। दोनों मरीजों का उपचार आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत किया गया। चिकित्सकों की टीम ने आवश्यक जांच के बाद ओपन रिडक्शन एंड इंटरनल फिक्सेशन (ओआरआईएफ) विधि से सर्जरी कर मरीजों को उपचार प्रदान किया। दोनों मरीजों की हालत में सुधार बताया जा रहा है।

राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई के प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद त्रिवेदी ने बताया कि हाल ही में दो मरीज जबड़े में फ्रैक्चर की समस्या लेकर दंत चिकित्सा विभाग पहुंचे थे। इनमें जालौन निवासी 41 वर्षीय मरीज शिवदास सड़क यातायात दुर्घटना (आरटीए) में घायल होने के बाद जबड़े में दर्द और सूजन की शिकायत लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचा। चिकित्सकों ने मरीज का संपूर्ण परीक्षण करने के साथ रेडियोग्राफिक जांच कराई। इसमें ओपीजी और सीटी फेस जांच शामिल रही। जांच में मरीज के जबड़े के राइट बॉडी ऑफ मेंडिबल में फ्रैक्चर पाया गया। इसमें जबड़ा एक स्थान से टूटा हुआ था। इसी तरह जालौन निवासी विजय पाल भी सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज के दंत चिकित्सा विभाग में उपचार के लिए पहुंचे। उनके जबड़े में भी फ्रैक्चर की शिकायत थी। चिकित्सकों द्वारा उनका भी विस्तृत परीक्षण और रेडियोग्राफिक जांच कराई गई। ओपीजी एवं सीटी फेस जांच के बाद मरीज के जबड़े में मैंडीबुलर लेफ्ट कॉनडायलर एंड बॉडी फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। चिकित्सकों के अनुसार यह फ्रैक्चर दो स्थानों पर था। दोनों मरीजों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया। आवश्यक जांच एवं उपचार के बाद चिकित्सकों ने सर्जरी का निर्णय लिया। दोनों मरीजों के जबड़े को सामान्य स्थिति में लाने के लिए ओपन रिडक्शन एंड इंटरनल फिक्सेशन (ओआरआईएफ) विधि से ऑपरेशन किया गया। इस प्रक्रिया के माध्यम से फ्रैक्चर वाले हिस्से को सही स्थिति में लाकर उसे स्थिर किया गया, जिससे मरीज के जबड़े की कार्यक्षमता को बेहतर तरीके से बहाल किया जा सके। प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद त्रिवेदी ने बताया कि दोनों मरीजों का ऑपरेशन डॉ. हरमूर्ति सिंह, सहायक प्रोफेसर एवं ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जन के नेतृत्व में किया गया। उनके साथ डॉ. अखिल त्रिवेदी (एसआर) और डॉ. हिमी राठौर (एसआर) ने सर्जरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दंत चिकित्सा विभाग की टीम की निगरानी में दोनों मरीजों का उपचार किया गया। सफल ऑपरेशन के बाद दोनों मरीजों की हालत में लगातार सुधार हो रहा है। चिकित्सकों के अनुसार मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है और उनकी स्थिति सामान्य रहने पर उन्हें परसों अस्पताल से छुट्टी दी जाएगी। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में जबड़े के गंभीर फ्रैक्चर के मामलों में समय पर जांच और विशेषज्ञ उपचार बेहद महत्वपूर्ण होता है। प्रधानाचार्य ने कहा कि राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के साथ जटिल सर्जरी की सुविधाएं भी स्थानीय स्तर पर प्रदान की जा रही हैं। दोनों मरीजों के सफल ऑपरेशन से यह स्पष्ट होता है कि मैक्सिलोफेशियल सर्जरी जैसी जटिल चिकित्सा सेवाओं के लिए मरीजों को अब हर स्थिति में बड़े शहरों की ओर जाने की आवश्यकता नहीं है। मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा आवश्यक जांच, सर्जरी और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

उपचार करने वाली टीम

डॉ. हरमूर्ति सिंह — सहायक प्रोफेसर एवं ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जन

डॉ. अखिल त्रिवेदी — एसआर

डॉ. हिमी राठौर — एसआर

दंत चिकित्सा विभाग, राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया सीएचसी रामपुरा का औचक निरीक्षण स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलने पर जताई संतुष्टि

## यमुना के बढ़ते जलस्तर को लेकर स्वास्थ्य विभाग को किया अलर्ट

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगण( जालौन )** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा में आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिनंदन प्रसाद व एसीएमओ डॉ. एपी वर्मा ने औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने अस्पताल में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सकीय व्यवस्थाओं और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। अचानक अधिकारियों के पहुंचने से अस्पताल स्टाफ में भी सक्रियता देखने को मिली।

निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं एसीएमओ ने कोल्ड चेन, फार्मेसी, प्रसव कक्ष, वार्ड, बेड रूम समेत अस्पताल के विभिन्न महत्वपूर्ण कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने दवाओं की उपलब्धता, मरीजों के उपचार, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता तथा अस्पताल में व्यवस्थाओं के संबंध में चिकित्सकों एवं कर्मचारियों से जानकारी ली। अस्पताल की व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिनंदन प्रसाद ने संतुष्टि जताई। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ–सफाई की व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने, आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा मरीजों को समय से गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक मरीज को बेहतर एवं सुगम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है। अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ संवेदनशीलता से व्यवहार किया जाए और उनकी समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रदीप कुमार राजपूत सहित चिकित्सकीय व स्टाफ मौजूद रहा। अधिकारियों ने कर्मचारियों से स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेते हुए अस्पताल की व्यवस्थाओं को लगातार बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

### यमुना के बढ़ते जलस्तर का भी लिया जायजा

सीएचसी रामपुरा के औचक निरीक्षण के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिनंदन प्रसाद एवं एसीएमओ डॉ. एपी वर्मा व चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रदीप कुमार राजपूत के साथ यमुना नदी क्षेत्र में पहुंचकर बढ़ते जलस्तर की स्थिति का जायजा लिया। नदी के जलस्तर में हो रही वृद्धि को देखते हुए अधिकारियों ने संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों की जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रदीप कुमार राजपूत को निर्देशित किया कि यदि बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है तो प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं किसी भी स्थिति में बाधित नहीं होनी चाहिए। आवश्यक दवाओं, चिकित्सकीय टीम, प्राथमिक उपचार सामग्री एवं अन्य जरूरी स्वास्थ्य सुविधाओं की पहले से पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाय। उन्होंने कहा कि संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरी तरह सतर्क रहे। आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित गांवों एवं क्षेत्रों में तत्काल स्वास्थ्य टीम भेजी जाए, ताकि ग्रामीणों और बाढ़ प्रभावित लोगों को समय से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संभावित बाढ़ की चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने के निर्देश दिए।

# सरकार की आमद मरहबा की गूंज के साथ निकला बारावफात का जुलूस

## -सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** नगर में बुधवार को ईद मिलादुन्नबी यानी बारावफात के अवसर पर भव्य जुलूस निकाला गया। दोपहर करीब 2:30 बजे मरहबा की गूंज और धार्मिक नारों के बीच जुलूस पूरे जोश खरोश के साथ प्रारंभ हुआ जो नगर के विभिन्न मार्गों से होकर सागर तालाब स्थित पुरानी तहसील पहुंचा जहां इसका विधिवत समापन किया गया।सुबह से हो रही तेज बारिश के कारण जुलूस में रौनक कम रही।जुलूस को लेकर पुलिस–प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा।बारावफात का जुलूस लवली चौराहे के पास स्थित मस्जिद जिनतुल इस्लाम, तिलक नगर से शुरू हुआ। जुलूस नई बस्ती, मानिक चौक, कटरा, लवली चौराहा, स्टेट बैंक, खैरा चौराहा, आराजी लाइन, मंडी, आजाद नगर, चंदकुआ और सागर तालाब होते हुए जामा मस्जिद जवाहर नगर पहुंचा, जहां जुलूस का समापन किया जाएगा। जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। रास्तेभर लोगों ने धार्मिक नारों और मरहबा की गूंज के साथ पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब की शान में नात व सलाम पेश किए। जुलूस के दौरान लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। नगर के विभिन्न स्थानों पर लोगों ने जुलूस का स्वागत भी किया।जुलूस में हाफिज अताउल्ला, गौरी खां, हाफिज मुहम्मद साबिर बरकाती, हाजी रहम इलाही तथा जुलूसे सदर शमशुद्दीन,काजी वशीरउद्दीन, पप्पू ताला, खन्ना टेलर,सभासद माधव यादव, अमित यादव, महावीर यादव, अनिल वैद,राघवेंद्र तिवारी,रामकिशोर पुरोहित, जाहिद कुरैशी सहित भारी संख्या मे लोग मौजूद रहे। आयोजन को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

उपजिलाधिकारी अभिनव कुमार यादव,क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद,कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक निगवेंद्र प्रताप सिंह,अतिरिक्त निरीक्षक अजीत सिंह, एसएसआई विमलेश कुमार, उपनिरीक्षक अशोक कुमार वर्मा,सुमित पांडेय, शिवनारायण सहित लाइन से आए पुलिस बल के जवान महिला सिपाही जुलूस के साथ मौजूद रहे। पुलिसकर्मियों ने जुलूस के मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था संभालने के साथ यातायात व्यवस्था को भी नियंत्रित किया। अधिकारियों ने लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से जुलूस में शामिल होने और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

# बारिश के कारण सड़को पर भरा पानी,पालिका की खुली पोल



( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** लगातार हो रही बारिश ने लोगों की मुसीबत बढ़ा दी है। नगर के कई इलाके बुरी तरह जलमग्न हो गए हैं।हालांकि रुक रुक कर हो रही बारिश ने बुधवार की सुबह तेजी पकड़ ली और मूसलाधार बारिश ने खेतों को तो तालाब बना ही दिया है, सड़कें और गलियां भी बुरी तरह जलमग्न हो गयी। बारिश के चलते नगर के मुहल्ला आराजीलेन में रहम इलाही कुरैशी के मकान से लेकर कुरैशियान मस्जिद के आसपास के इलाके में अच्छा खासा जलभराव हो गया। स्थिति यह है कि बगल से निकले नाले का गंदा पानी मुख्य सड़क पर घुटनों तक भर गया जिससे लोगों को गंदे पानी में से होकर आवागमन करना पड़ रहा है। इलाकाई लोगों का कहना है कि इसी रास्ते से जुलूस–ए–मोहम्मदी का जुलूस भी निकलना है और जलभराव के चलते गंदे पानी में से होकर जुलूस निकालना कैसे संभव है। लोगों का कहना है कि जुलूस के मद्देनजर कमेटी के लोगों द्वारा पानी की निकासी के लिए पहले ही प्रशासन और नगर पालिका ईओ को अवगत करा दिया गया था लेकिन इस विकट और गंभीर समस्या पर ध्यान ही नहीं दिया गया जो अब परेशानी और चिंता का सबब बन गया है। इलाकाई लोगों का कहना है कि मुहल्ला आराजीलेन और भगत सिंह नगर इलाके में स्थित पुराने ताल–तलैया और नाले–नालियों पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर पक्के निर्माण कर लिए गए हैं जिससे पानी की निकासी पूरी तरह से बंद हो गई है, फलस्वरूप जरा सी ही बारिश में जलभराव की समस्या से यहां के लोगों को दो–चार होना पड़ जाता है।

# लगातार हो रही बारिश से भरभराकर गिरे दो मकान

## दो महिलाए घायल, एक की हालत गंभीर मेडीकल कालेज रिफर

( यंग भारत न्यूज )





**कोंच** तहसील क्षेत्र में बुधवार भोर सुबह से हो रही लगातार बारिश के चलते दो कच्चे मकान भरभरा कर गिर गए। हादसों में दो महिलाएं मलबे में दबकर घायल हो गईं। एक युवती की हालत गंभीर होने पर उसे उरई मेडिकल कालेज रेफर किया गया।जानकारी के अनुसार नगर के रामतलैया भगत सिंह नगर मुहल्ले में अतर सिंह पुत्र लालू अपनी पत्नी राखी उम्र 32 वर्ष और तीन बच्चों के साथ कच्चे मकान में रह रहे थे। लगातार बारिश के कारण बुधवार सुबह मकान अचानक भरभरा कर गिर गया। हादसे में राखी मलबे में दबकर घायल हो गईं। परिजनों और आसपास के लोगों ने उन्हें बाहर निकाला। परिजनों के अनुसार, आवास के लिए करीब दो साल पहले आवेदन किया गया था, लेकिन अभी तक सरकारी आवास का लाभ नहीं मिल सका है।वही दूसरी घटना तहसील क्षेत्र के ग्राम महेशपुरा में हुई। यहां सुनील वर्मा की 17 वर्षीय बेटी महक अपने दो भाइयों के साथ कच्चे मकान में थी। सुबह करीब 6 बजे मकान गिरने से महक मलबे में दब गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। उस समय पिता शौच के लिए गए थे, जबकि मां पशुओं को चारा डाल रही थीं। पड़ोसियों और परिजनों ने महक को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे उरई मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।


# नदीगांव ब्लॉक के ग्राम ढीमर पुरा व सजेहरा की सडको का शीघ्र होगा डामरीकरण

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** माधौगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नदीगांव ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम ढीमरपुरा और सजेहरा से मध्यप्रदेश की सीमा तक डामरयुक्त नई सड़क के निर्माण के लिए विधायक की मेहनत रंग लाई है। क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन की पहल पर उक्त दोनों प्रमुख सड़कों सहित कोंच क्षेत्र की कुछ अन्य सड़कों के भी निर्माण कार्य को शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान किए जाने पर ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक का आभार जताया है। विधायक ने बताया कि क्षेत्र के गांव ढीमरपुरा में आवागमन के लिए अभी तक कोई पक्की सड़क नहीं है जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने ग्रामीणों की इस समस्या को गंभीरता से लेकर शासन स्तर पर पैरवी की जिससे नई सड़क के निर्माण कार्य को आखिरकार मंजूरी मिल गई है। उन्होंने बताया कि ढीमरपुरा गांव से एमपी सीमा की ओर 1.100 किमी लंबी दूरी तक 7 मी. चौड़े मिट्टी के प्लेटफॉर्म पर पौने 4 मी चौड़ी डामरयुक्त सड़क डाली जाएगी, सड़क निर्माण कार्य में 1 करोड़ 11 लाख रुपए की लागत खर्च की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही नदीगांव ब्लॉक क्षेत्र के ही गांव सजेहरा से लेकर एमपी सीमा तक 2.350 किमी लंबी दूरी की सड़क का निर्माण कार्य 2 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से कराया जाएगा जिसकी स्वीकृति शासन से हो गई है और जल्द ही टेंडर आदि प्रक्रिया पूरी होने के बाद गुणवत्तायुक्त सड़क बनाई जाएगी। क्षेत्र के कोंच–महेशपुरा मार्ग पर जुझारपुरा गांव से हिंगुटा गांव तक और कैलिया रोड से ऊमरी गांव तक संपर्क मार्ग की मरम्मत कार्य को भी स्वीकृति मिल गई है। विधायक ने कहा कि आवागमन जैसी मूलभूत समस्या क्षेत्र में नहीं रहने दी जाएगी, जो भी कुछ सड़कें नए सिरे से बनने के लिए बाकी रह गई हैं वह क्रमबद्ध तरीके से बनवाई जाएगी।

# मुस्लिम समाज के लोगों ने नगर के प्रमुख मार्गों पर मुहम्मद साहब के जन्मदिवस पर विशाल जुलूस निकाला

( यंग भारत न्यूज )




**जालौन–उरई** । हजरत मुहम्मद साहब की यौमे पैदाइश के मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने नगर के प्रमुख मार्गों पर विशाल जुलूस निकाला। इस मौके पर हजरत मुहम्मद साहब को याद करने के साथ ही उनके किरदार के बारे में बताकर इस्लाम को मोहब्बत, अमन और भाईचारे का दूसरा नाम बताया गया। जुलूस के दौरान सरकार की आमद मरहबा, रसूल की आमद मरहबा के नारे गूंजते रहे। ईद–मिलादुन्नबी की पूर्व संध्या पर नगर के मोहल्ला नारोभास्कर व तकिया रोड पर की गई विशेष सजावट लोगों के आकर्षण के केंद्र में रही। मार्गों पर की जाने वाली सजावट देखने वालों को चकित कर रही थी बारह–रवी–उल–अव्वल के दिन मनाए जाने वाले हजरत मुहम्मद साहब के जन्म दिवस को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों में खासा उत्साह था। क्योंकि इसी दिन हजरत मुहम्मद साहब दुनिया में तशरीफ लाए थे। सैकड़ों की संख्या में नए कपड़े व रंग–बिरंगी पगड़ी बांधकर पैदल, रिक्शे और घोड़े की सवारी के साथ लोग जुलूस में शामिल हुए। जुलूस ए मोहम्मदी का नगर में जगह जगह स्वागत किया गया। लोगों ने स्टॉल लगाकर, पानी, शर्बत, खीर आदि का वितरण किया। नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकलने वाले जुलूस में शांति बनाए रखने के लिए एसडीएम राकेश सोनी व तहसीलदार अभिनव द्विवदी, सीओ अजय कुमार सिंह के साथ कोतवाल हरिशंकर चंद, अतिरिक्त निरीक्षक लालबाबू मिश्रा, चौकी प्रभारी मनीष तिवारी पुलिस बल के साथ गश्त करते नजर आए। शहर काजी मौलाना साबिर ने लोगों को हुजूर पाक की सीरत एवं यौमे पैदाइश के बारे में बताकर लोगों को उनके बताए रास्ते पर चलने की अपील की। उन्होंने हुजूर पाक को अमन, भाईचारे व मोहब्बत का पैगाम देने वाला बताया। जुलूस में शहर काजी मौलाना साबिर, हाफिज मकबूल, हाफिज साकिर, आमिर अत्तारी, जर्रार कादरी, इरशाद अंसारी, इमरान अंसारी, हाफिज रफीक कुरैशी, बबलू शाह, जाकिर सिद्दीकी, अफरोज शाह, नसीम खान, इशाक मंसूरी, अहमद रजा, शाकिर हसन वारसी, नफीस सभासद, अरमान, सलीम भाई, अल्लू, मसूदी, नईम उल्ला, हाशिम सिद्दीकी, मुन्ना शाह आदि रहे।

# बारिश के बाद पहूज नदी का जलस्तर बढने से सलैया पुल कटा

## एसडीएम, सीओ ने निरीक्षण कर बडे वाहनो का आवागमन रोका

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** बीते चौबीस घंटे से हो रही बारिश में पहूज नदी का बहाव भी तेज हो जाने के कारण ग्राम सलैया पर बने पुल के पास कटान हो रही है जिसको देखते हुए प्रशासन ने अब चार पहिया वाहनों पर भी रोक लगा दी है। नदीगांव पुल के पास भी तेज वहाब से मिट्टी धसक गई जिससें सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। जहां बेरिकेटिंग लगा दी गई है। मंगलवार से लगातार हो रही बारिश को देखते हुए उपजिलाधिकारी अभिनव कुमार ने क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद और पीडब्ल्यूडी के जेई शिवलखन सिंह व कैलिया थानाध्यक्ष अवनीश पटेल के साथ कैलिया और नदीगांव क्षेत्र का भृमण कर बारिश के पानी का जायजा लिया है। एसडीएम ने बताया कि सलैया पुल पर तेज बहाव से हो रही कटान को देखते हुए चार पहिया वाहन भी बंद कर दिए गए है। वहां पुलिस की पैकेट लगा दी गई है। उधर नदीगांव में बने पुल पर मध्यप्रदेश के तरफ तेज बहाव से मिट्टी धसक गई है। वहां एई नंदनकिशोर बेरिकेटिंग कराने में लगे है। एई ने बताया कि अभी कोई खतरा नहीं है बारिश से पुल के किनारे मिट्टी धसकी है। कल उसकी भराई करा दी जाएगी। एसडीएम ने बताया कि बारिश को देखते हुए लेखपालों की टीमों को सक्रिय कर दिया गया है अभी तक क्षेत्र से 8 से 10 मकान क्षतिग्रस्त होने की सूचनाएं प्राप्त हुई है। कार्रवाई कराई जा रही है।

# शोर-शराबा सुन भैंस छोड़ कर भागे चोर, पड़िया ले जाने में कामयाब रहे

## तत्परता दिखाई पुलिस ने, पड़िया बरामद की, चोरों की तलाश में जुटी

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली क्षेत्र के छोटी दोहर गांव में बीते रोज तड़के चोर पशुबाड़े में बंधी भैंस और पड़िया चुराने पहुंचे थे। चोर पड़िया को वाहन में लादकर ले जाने में कामयाब रहे, जबकि शोर–शराबा होने पर भैंस को छोड़कर भागना पड़ा। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने पड़िया को बरामद कर लिया है, जबकि चोरों की तलाश में जुटी है।छोटी दोहर निवासी मिथुन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके घर के बाहर छप्पर नुमा कमरा बना हुआ है, जिसमें वह भैंस, पड़िया और गाय बांधता है। मंगलवार तड़के चोर कमरे में घुस आए और भैंस व पड़िया को चोरी कर ले जाने लगे। आरोपियों ने पड़िया को अपने साथ लाई गई गाड़ी में डाल लिया था। इसी दौरान शोर होने पर चोर भैंस को नहीं ले जा सके और उसे वहीं छोड़कर पड़िया लेकर भाग गए। शोर सुनकर मिथुन बाहर आया तो भैंस खुली खड़ी थी, जबकि करीब तीन साल की पड़िया गायब थी। सूचना के बाद कोतवाली पुलिस ने पड़िया को बरामद कर लिया। पुलिस अब चोरों की तलाश में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि पड़िया को बरामद कर लिया गया है चोरों की तलाश की जा रही है जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

यंग भारत

प्रादेशिक

उरई (जालौन) गुरूवार 27 अगस्त 2026



# जीव को कर्मों के अनुसार मिलता है फल : जगतगुरु रामानंदाचार्य

## -राई एवं फाग संध्या में देर रात्रि तक झूमे श्रद्धालु श्रोता

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** केशवपुर धाम रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में तृतीय दिवस बुधवार को देव स्थल खाती बाबा केशवपुर धाम में पं.बृजमोहन मिश्रा (गुरुजी) के पावन सानिध्य, कमेटी संरक्षक रामस्वरूप साहू एवं मेला प्रभारी राजकुमार साहू की देखरेख में केशवपुर धाम में चल रहे पंचकुंडीय श्रीसीताराम महायज्ञ में यज्ञाचार्य हेमंत कौशिक हरपालपुर के आचार्यत्व में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चारण के बीच वेदिका पूजन कर (सभी 21 यजमानों ने) श्रीमती शालिनी एकांश मिश्रा, उर्मिला महेश कुमार साहू,प्रियंका सचिन साहू,सरिता अनूप सहगल,साधना आमोद किलपन, प्रगति अमित गंधी,उमा विनोद साहू बालाजी,मोहिनी सत्येंद्र सेन ग्वालियर, मधु राघवेन्द्र सेन खनियांधाना,मनीषा राहुल सोनी,खुशबू नितिन साहू,रिंकी राजू साहू, स्वाति प्रिंस अग्रवाल,जयंती राजकुमार साहू,प्रियंका राहुल शर्मा,पुष्पा दयाशंकर,राधा आशीष यादव, सीमा प्रदीप अग्रवाल, कल्पना पुष्पेन्द्र सेन एवं रीना अजय अग्रवाल आदि ने यज्ञ मंडप में बनी वेदियों का पूजन कर विश्व कल्याण की कामना के साथ आहुतियां दी।धाम पर अखण्ड श्री रामचरितमानस का पाठ, अखंड श्री सीताराम संकीर्तन एवं अखंड श्री हनुमान चालीसा का पाठ अनवरत जारी रहा।आयोजन समिति के संरक्षक



रामस्वरूप साहू ने बताया कि साधु संतों एवं यजमानों को फलाहार एवं आम जनमानस को भण्डारा प्रसादी की व्यवस्था की गयी है जो प्रातः 11बजे से शुरू होकर रात्रि 11बजे तक प्रतिदिन जारी रहेगी। दोपहर में चित्रकूट धाम से पधारे श्रीराम कथा के श्रेष्ठ वक्ता कामदगिरि पीठाधीश्वर जगतगुरु स्वामी रामानंदाचार्य ने अपने कोकिल कंठ से रसिक श्रद्धालुओं को संगीतमय श्रीराम कथा का रसास्वादन कराते हुए कहा कि जीव इस जगत में कर्म फल पाने को आता है। यदि उसके कर्म अच्छे होते हैं तो उसे अच्छा और बुरे कर्म होते हैं तो उसे बुरा फल प्राप्त होता है। लेकिन भगवान तो जगत में नर लीला करने को आते हैं। नर और ? नारायण के आने में अंतर बताते हुए उन्होंने कहा कि भगवान का जगत में आना कर्मों से कोई लेना देना नहीं है क्योंकि ईश्वर में तो सभी गुण ही गुण हैं उनमें कोई अवगुण ही नहीं है। जगत में जगत का निरीक्षण करने आते हैं और परिवर्तन करते हैं,वह भी अपना सामान्य स्वरुप छिपाकर। उन्होंने कहा कि भगवान पहले स्वभाव से और बाद में प्रभाव से परिवर्तन करते जबकि आज समाज में लोग पहले ही अपना प्रभाव जमाते हैं। संतों के मत के अनुसार प्रभु श्रीराम पूर्ण ब्रह्म और सर्व गुण सम्पन्न हैं,उनका स्वभाव सरल, सहज, शीलवान है। अपने श्रीमुख से श्रीराम कथा रुपी सरिता का प्रवाह कराते जगतगुरु ने शिव पार्वती विवाह का पावन प्रसंग सुनाते हुए कहा कि पार्वती ने शिव से विवाह करने का संकल्प लिया था और तपस्या कर उन्हें प्रसन्न किया। शिव के विवाह न करने पर पार्वती जी कहती हैं कि वरहु शंभु नत रहहुं क्वांरी।। वे कहते हैं कि आज बेटियां ऊंचाई पर पहुंच रही हैं यह अच्छी बात है पर ज्यादा ऊंचाई पर पहुंच कर अपने विवाह संबंध के स्वयं निर्णय ले रही हैं यह सनातन परम्परा के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने यूजीसी के कानून के विरोध ? पर भी चुटकी लेते हुए कहा कि इसमें कुछ खामियां हैं इसलिए लोग विरोध हो रहा है।प्रारंभ में केशवपुर धाम के गुरुजी पं. बिरजू महाराज ने चरण पूजन, पीठ पूजन एवं ग्रंथ का पूजन कर मानस की आरती उतारी एवं कथा व्यास का माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कांग्रेस कमेटी थरेट(दतिया)के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राम शर्मा, भरतलाल शर्मा, अनुराग शर्माथरेट एवं ज्योतिरादित्य द्विवेदी,तालगांव दतिया के पूर्व सरपंच महेंद्र शर्मा एवं साध्वी समीक्षा देवी चित्रकूट अन्य संत महंतों के साथ कथा श्रवण हेतु पधारे।जिनका का स्वागत पं.बृजमोहन मिश्रा (गुरुजी) ने माल्यार्पण एवं रामनाम का दुपट्टा पहनाकर किया।मंच का संचालन पं अनूप शास्त्री ने किया।

शीघ्र करायेंगे श्रीमद भागवत पुराण: श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस के मौके पर संत महंतों का स्वागत बंदन करते हुए पं बृजमोहन मिश्रा (गुरु जी) कामदगिरि पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानंदाचार्य ने याचना करते हुए कहा कि उनके मन में केशवपुर धाम पर शीघ्र ही श्रीमद भागवत कथा के आयोजन करने का विचार है। उन्होंने कहा कि जैसे ही जगतगुरु हमें जो भी भागवत कथा के वक्ता शुलभ करा देंगे वे यथाशीघ्र ही श्रीमद भागवत कथा सप्ताह का आयोजन सम्पन्न करायेंगे। रात्रि में सांस्कृतिक संध्या के क्रम में बुधवार को रात्रि 8 बजे से म.प्र.के जिला दमोह से पधारे हरदास एण्ड पार्टी के कलाकारों द्वारा राई एवं फाग संध्या की धमाकेदार प्रस्तुति दी गयी। जिसमें देर रात्रि तक श्रद्धालु श्रोता मंत्रमुग्ध होकर लुत्फ उठाते रहे। इस मौके पर श्रीमती साधना मिश्रा, उर्मिला महेश कुमार साहू,राजेश कुमार शर्मा, राघव ? किलपन, सत्यम साहू,जैमिनी यादव आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।अंत में बैकुंठ प्रसाद चतुर्वेदी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# मुकेश अग्रवाल बने सराफा व्यापार मंडल के अध्यक्ष

## -सराफा व्यापार कमेटी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** होटल हवाना में सराफा व्यापार कमेटी का शपथ ग्रहण समारोह अनुराग रस्तोगी, हेड नॉर्थ इंडिया इंडियन बुलियन असोसिएशन के मुख्य आतिथ्य एवं प्रदीप जैन आदित्य पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। उपरोक्त कार्यक्रम में अनुराग रस्तोगी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जैन आदित्य ने अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल महामंत्री श्रीकांत गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश सराफ मटका प्रकाश अग्रवाल चौड़ेले ब्रजेन्द्र सेठ उपाध्यक्ष अतुल किलपन कोषाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल बंटी नंदकिशोर मच्छर अभिषेक अग्रवाल अशोक अग्रवाल विवेक अग्रवाल महेंद्र चौधरी संजीव अग्रवाल आनंद अग्रवाल जितेंद्र अग्रवाल अनूप अग्रवाल लखन लाल अग्रवाल आदि पद अधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई। उपरोक्त कार्यक्रम में विभिन्न सराफा व्यापार कमेटी एवं व्यापारी संगठन के नेता श्री



शैलेंद्र जैन एडवोकेट अनिल अग्रवाल सरपंच अग्रवाल समाज उदय सोनी अध्यक्ष सीपरी बाजार मंडल सुशील कुमार सोनी महामंत्री सीपरी बाजार व्यापार मंडल पार्षद मुकेश सोनी बंटी एवं मऊरानीपुर चिरगांव बरुआसागर बबीना तालबेट ललितपुर मोठ आदि सैकड़ो व्यापारियों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। साथ ही सर्राफा व्यापारियों ने राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता पुलिस क्षेत्र अधिकारी नगर रामवीर सिंह, इंस्पेक्टर कोतवाली अनजन कुमार सिंह चौकी इंचार्ज अश्वनी दीक्षित को व्यापारी हित में सहयोग करने पर सम्मानित किया गया अध्यक्ष अनुराग रस्तोगी ने सराफ़ा बाजार से संबंधित कानून एवं अन्य मुद्दों पर प्रकाश डाला।प्रदीप जैन आदित्य ने कहा कि सराफा संगठन एक मजबूत संगठन है एवं समाज एवं देश की तरक्की में सहयोग करता है। सभा का संचालन श्रीकांत गुप्ता एवं कमलेश अग्रवाल ने किया। आभार राजकुमार अग्रवाल बंटी में प्रदर्शित किया।

# श्रीहरिहर क्षेत्र इण्टर कॉलेज में प्रबन्ध समिति चुनाव सम्पन्न, कुँ. मानवेन्द्र सिंह बने अध्यक्ष

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** श्रीहरिहर क्षेत्र इण्टर कॉलेज लठवारा,टोड़ीफतेहपुर में प्रबन्ध समिति का चुनाव शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। शासन स्तर से निर्वाचन कराने पहुँचे शिक्षा विभाग के पर्यवेक्षक सन्दीप यादव एवं चुनाव प्रभारी डॉ. राजीव कुमार शुक्ला की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया पूरी कराई गई।

चुनाव में विधान परिषद सभापति कुँ मानवेन्द्र सिंह को प्रबन्ध समिति का अध्यक्ष तथा शिवकुमार सोलंकी दादू को कॉलिज का प्रबन्धक निर्विरोध निर्वाचित किया गया। प्रताप सिंह राजपूत को उपाध्यक्ष, धनसिंह कुशवाहा को उप प्रबन्धक तथा कीर्तन सिंह गौतम को कोषाध्यक्ष चुना गया।प्रबन्ध समिति के सदस्यों के रूप में हरिहर राज सिंह, कृष्ण कुमार बन्देया, सगुन सिंह, द्वारका प्रसाद गुप्ता, चन्दपाल, बृजकिशोर व्यास एवं मकुन्दीलाल अहिरवार को भी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव सम्पन्न होने के बाद प्रधानाचार्य डॉ. बृजनन्दन यादव सहित गोटीराम निरंजन,



इमरतलाल, शोभाराम, जगदीश पाठक, राघवेन्द्र मिश्रा, यश नायक, मन्नूलाल सहित समस्त कॉलिज स्टाफ ने निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया।

# नगर की शासिका ताई बाई के नाम पर रोडवेज बस स्टैंड का नामकरण किए जाने की मांग की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** नगर के बाजार बैठगंज का नाम बदलने और नगर की शासिका ताई बाई को सम्मान देते हुए उनके नाम पर रोडवेज बस स्टैंड का नामकरण किए जाने की मांग करते हुए भाजपा के नामित सभासद ने नगर पालिका चेयरपर्सन को पत्र दिया है।

भाजपा से नामित सभासद वाचस्पति मिश्रा ने नगर पालिका चेयर पर्सन नेहा पुनीत मित्तल को पत्र सौंपकर बताया कि अंग्रेज प्रशासक पीजे व्हाइट ने सन् 1881 में महाराजा गोविन्द बल्लाल खेर द्वारा निर्मित सात मंजिला किला ध्वस्त करके स्वयं के नाम से व्हाइट गंज बाजार का निर्माण करवाया, जो कि आम बोल-चाल में बैठगंज हो गया है। गुलामी के इस प्रतीक को हटाकर बैठगंज नाम से बाजार और मुहल्ले का नाम बदलकर महारानी



ताई बाई के नाम पर रखा जाए। चुंगी नंबर चार से दाऊजी गार्डन के पीछे स्थित फांसिया कुआं जहां पर 1857-58 की क्रांति में स्वतंत्रता सेनानियों को अंग्रेजों द्वारा फांसी दी गयी थी, उसे संरक्षित कर इस स्थान पर शहीद स्मारक बनाया जाए। साथ ही देवगनर चौराहे से लेकर बाजार होते हुए सहावनाका चुंगी तक के मार्ग को शहीद पथ घोषित किया जाए। महारानी ताई बाई के जीर्ण-शीर्ण महल को संरक्षित कर उसका जीर्णोद्धार कराया जाए और महारानी ताईबाई की प्रतिमा स्थापित की जाए। ताकि नगर की जनता की स्मृति से महारानी का शौर्य और क्रांति स्थल विलुप्त न होने पाए। ताई बाई महल में एक पुस्तकालय का निर्माण कर 1857-58 की क्रांति से संबंधित समस्त साहित्य हिंदी, अंग्रेजी और मराठी भाषा में पढ़ने के लिए उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही नगर में नवनिर्मित रोडवेज बस स्टैंड का नाम महान क्रांतिकारी ताई बाई की स्मृति में 'महारानी ताई बाई बस स्टैंड' रखा जाए। इस मौके पर कैलाश पाटकर मौजूद रहे।

# रूचि चौरसिया बनीं हरियाली क्वीन ,वरिष्ठ महिलाओं का किया सम्मान, आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताएं

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** अखिल भारतीय आदर्श चौरसिया महासभा के तत्वावधान में महिला मंच जिलाध्यक्ष ममता चौरसिया की अध्यक्षता में स्थानीय होटल में जिला महिला संगठन की पदाधिकारियों द्वारा हरियाली तीज के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाली क्वीन का ताज रूचि चौरसिया के सिर पर सजा। समारोह में महिला मंच की पदाधिकारियों,60 वार्डों की वार्ड अध्यक्षों एवं महिला सदस्य श्रीमती रुचि, अर्चना



चौरसिया,अनीता, ममता, संगीता, कनक, मिनी, श्रुति, आयुषी, चाहत, अंजलि, नंदिता, स्नेहा, सुचिता, श्रीमती अलका, सुनीता, नम्रता, नीलम, प्रीति, भावना, सुमन, नेहा, रजनी, सीमा, रेखा, कविता, सविता, दीप्ती, सरिता, अंकिता,चंदा, स्नेहलता, शारदा, संगीता, नीमा, नीता, गीता, विजया, शिखा, बबीता, संगीता, रंजना, वर्षा, ज्योति, कंचन, रीतु, अर्चना, किरन, प्रियंका, ममता, मीना, पार्वती,पूजा, उषा आदि की उपस्थिति में श्रीमती बीना चौरसिया,अनीता गौरहार,स्नेहलता आदि वरिष्ठ महिलाओं को सम्मानित किया गया। वहीं गेम्स, नृत्य आदि प्रतियोगिताओं में रजनी, नीलम, संगीता,नीता, अंकिता आदि ने बाजी मारी।

# लगातार हो रही बारिश से तालाब के पास स्थित घरों में जलभराव की स्थिति बनी

## एसडीएम और तहसीलदार ने मौके पर पहुंच जल निकासी की करायी व्यवस्था

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** दो दिन से लगातार हुई बारिश के चलते ग्राम पंचायत सालाबाद में तालाब का जलस्तर बढ़ने और पानी की निकासी की उचित व्यवस्था न होने से तालाब के पास स्थित घरों में जलभराव की स्थिति हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर एसडीएम



राकेश कुमार सोनी, तहसीलदार अभिनव द्विवेदी मौके पर पहुंचे और जेसीबी मशीन बुलाकर पानी की निकासी के लिए रास्ता बनवाया। जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

मंगलवार शाम से हुई झमाझम बारिश रात भर जारी रही। इसके बाद बुधवार की सुबह भी बारिश जारी रही। पिछले दो दिनों से लगातार बारिश होने के कारण ग्राम पंचायत सालाबाद के तालाब का जलस्तर तेजी से बढ़ गया था। तालाब में पानी भरने के साथ ही निकासी का पर्याप्त रास्ता नहीं होने से पानी ओवरफ्लो हो गया। तालाब का पानी आसपास स्थित मकानों तक पहुंच गया। इससे ग्रामीणों को निकलने और आने-जाने में परेशानी होने लगी। पानी लगातार बढ़ने के कारण ग्रामीणों को मकानों में पानी घुसने की भी आशंका सताने लगी। जलभराव की जानकारी ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही एसडीएम राकेश कुमार सोनी और तहसीलदार अभिनव द्विवेदी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने गांव पहुंचकर तालाब के बढ़े हुए जलस्तर और जलभराव की स्थिति का निरीक्षण किया। ग्रामीणों से भी समस्या की जानकारी ली। इसके बाद प्रशासन की ओर से जेसीबी मशीन मौके पर बुलवाई गई। जेसीबी से तालाब के पानी की निकासी के लिए रास्ता तैयार कराया गया, जिससे पानी को आबादी से दूर निकालने की व्यवस्था की गई। निकासी का रास्ता बनने के बाद तालाब का पानी धीरे-धीरे निकलने लगा। जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। एसडीएम राकेश सोनी ने बताया कि जलभराव की जानकारी मिलने पर स्थलीय निरीक्षण किया गया। जेसीबी मशीन से खुदाई कराकर जलभराव की समस्या को दूर करा दिया गया है।

# परिवहन निगम की बसों के ठहराव का स्थान सुनिश्चित ना होने से यात्रियों को भारी परेशानी

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** नगर से निकलने वाली परिवहन निगम की बसों के ठहराव का स्थान सुनिश्चित नहीं है। स्थान निर्धारित न होने के कारण बस चालक मनमर्जी से बस खड़ी करते हैं। रूकने का स्थान निर्धारित न होने के कारण नगर व ग्रामीण क्षेत्र को बसों का लाभ नहीं मिल पा रहा है। परिवहन निगम की बसों का संचालन नगर से हो रहा है। परिवहन विभाग की उरई, बांदा, हमीरपुर, झांसी डिपो का आवागमन होता है। नगर से निकलने वाली परिवहन निगम की बसों के रुकने का कोई स्थान निश्चित नहीं है। स्थान निश्चित न होने के कारण चालक अपनी मनमर्जी से बसों को रोकते हैं। सवारियां बसों का इंतजार करते हैं तथा चालक बसो लेकर भाग जाते हैं। नगर के अमित सैनी, अशफाक, मनोज रिछारिया, संतोष याज्ञिक, सुरेंद्र कुशवाहा, आकाश लाक्षाकार आदि ने परिवहन विभाग को शिकायती पत्र भेजकर मांग की है कि नगर से निकलने वाली बसों के रुकने के लिए नगर में पूर्व में चल रहे चैक पोस्ट को पुनः चालू किया जाए, जिससे बसों का ठहरने का स्थान सुनिश्चित हो सके और लोगों के उतरने व बैठने के लिए परेशान न होना पड़े।

# भोर में रोशनी के साथ निकला जश्न-ए-जुलूस-ए-चिरागां

## हुजूर की आमद-मरहबा के नारों के साथ फहराया गया परचम

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 26 अगस्त।** पैगंबर-ए-आज़म हजरत मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की विलादत (जन्मदिन) के अवसर पर पूरी दुनिया में अकीदतमंद अपनी-अपनी मुहब्बत और अकीदत का इजहार करते हैं। इसी क्रम में बुधवार की भोर सुबह धर्मनगरी कालपी में हाफिज इरशाद अशरफी तथा तकिया मस्जिद के पेश इमाम हाजी अब्दुल मुजीब अल्लामा की अगुवाई में जश्न-ए-जुलूस-ए-चिरागां परम्परागत तथा रोशन अंदाज में निकाला गया। भोर सुबह साढ़े तीन बजे बड़ी मस्जिद, जुल्हैटी चौराहा पर भारी संख्या में मोमिन एकत्रित हुए। अकीदतमंद अपने हाथों में जलती हुई मोमबत्तियां और छोटे-छोटे इस्लामी झंडे लेकर जुलूस में शामिल हुए। जुलूस मिर्जामंडी, भट्टीपुरा, बड़ा बाजार, दीवान औलिया, नई बस्ती, रामचबूतरा और खानकाह शरीफ से होकर पुनः बड़ी मस्जिद पहुंचकर सम्पन्न हुआ। फज्र की नमाज के बाद धर्मगुरु कारी शमशुद्दीन रहमानी, मौलाना नजमुल हुदा, हाफिज अब्दुल कलाम और हाजी अब्दुल मुजीब अल्लामा की मौजूदगी में 'हुजूर की आमद-मरहबा' के नारों के साथ इस्लामी परचम फहराकर ईद मिलादुन्नबी पर्व का आगाज किया गया। इस अवसर पर फातिहा और सलाम पढ़ा गया तथा अकीदतमंदों में लंगर वितरित किया गया।कार्यक्रम की व्यवस्थाएं हाजी अब्दुल मुजीब अल्लामा के नेतृत्व में की गईं। नातख्वां गुलाम वारिस और मोहम्मद साकिब ने खूबसूरत अंदाज में नात-ए-पाक और सलाम पेश कर माहौल को रूहानी बना दिया। जुलूस में राशिद सुनार, कलीम अंसारी, अतीकुर्रहमान, सोहिल, अलीम, अज़हर, शादाब, फैज़, ज़ैद, मोहसिन, अरशद, अनस, साजिद, शानू, जुनेद सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल रहे।

# पार्क का निर्माण कार्य पूरा कराने और पार्क का सुंदरीकरण कराने के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** नगर के आवास विकास स्थित पार्क का निर्माण कार्य पूरा कराने और पार्क का सुंदरीकरण कराने के लिए मोहल्ले के लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। जिसके माध्यम से पार्क के सुंदरीकरण की मांग की गई है।

नगर के आवास विकास कॉलोनी निवासी अखिलश लाक्षाकार, पूनम, साधना, नाजबानो, प्रशांत द्विवेदी, लीला द्विवेदी, प्रमोद गुप्ता, मीना गुप्ता, विष्णु, पूनम लाक्षाकार, शिवांगी, संस्कार आदि ने नगर पालिका ईओ सुशील कुमार को ज्ञापन सौंपकर बताया कि आवास विकास कॉलोनी में पार्क का निर्माण किया गया है। लेकिन अभी तक पार्क में व्यवस्थाएं पूरी नहीं की गई हैं। जिसके चलते पार्क अस्त व्यस्त पड़ा हुआ है। पार्क में कीड़े मकौड़ों ने घर बना लिए हैं। बारिश के मौसम में पार्क में अंदर जाने से भी डर लगता है। यह पार्क सिर्फ नाम का ही पार्क नजर आता है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि पार्क में सुविधाएं विकसित की जाएं। घास की नियमित कटाई और झूले आदि की व्यवस्था की जाए। टहलने के लिए अलग व्यवस्था की जाए। ताकि सुबह व शाम के समय आम लोगों के साथ ही बच्चो भी पार्क में टहल सकें और खेल कूद का आनंद ले सकें। उन्होंने पार्क का सुंदरीकरण कराए जाने की मांग ईओ सुशील कुमार से की है।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718